प्रधान संपादक : शिव श्रीवास्तव
रांची संस्करण
रविवार 02 मार्च 2025
● वर्ष 03 ● अंक 196
● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2/- रुपया
37 वर्ष 1987-2024
श्रमेव जयते, स्पष्टमेव जयते
# श्रमबिन्दु
रांची, धनबाद, भिलाई एवं बस्तर से एक साथ प्रकाशित दैनिक समाचार पत्र

डाक पंजीयन क्रं. छ. ग. / दुर्ग/ 13/ 2021- 23 E-mail : srambindu@gmail.com | shrambindu@yahoo.in आर.एन.आई. पंजी. क्रं. 54135/88




नये विधायकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम

## आज के इस युग में पिछड़े, तो इतिहास बन जायेंगे : हरिवंश

# सदन की गरिमा बनाये रखना सबका दायित्व : हेमंत सोरेन



**रांची।** विधानसभा में विधायकों के लिए आयोजित दो दिवसीय प्रबोधन सह प्रशिक्षण कार्यक्रम में सदन की गरिमा और विधायकों के आचरण पर चर्चा की गयी। पहली वार निर्वाचित विधायकों के लिए आयोजित इस कार्यक्रम के पहले दिन सीएम हेमंत सोरेन, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, स्पीकर रबींद्रनाथ महतो, संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर, वरिष्ठ विधायक सीपी सिंह जैसे राजनेताओं ने अपने विचार व्यक्त किये और संसदीय परंपरा और इसकी गरिमा को बनाये रखने की जरूरत बतायी। कार्यक्रम की शुरुआत स्पीकर रबींद्रनाथ महतो के संबोधन से हुई। उन्होंने नये सदस्यों को सदन की गरिमा का पाठ पढ़ाया। वहीं सीएम ने कहा, यह (सदन) लोकतंत्र का सबसे बड़ा मंदिर है, इसकी गरिमा बनाये रखना हम सब का दायित्व है। वही राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश ने नये सदस्यों को संसदीय प्रणाली के महत्व की जानकारी दी। साथ ही कहा, आज दुनिया जिस गति से आगे बढ़ रही हम-आप को भी उसी तेजी से बढ़ना होगा। नहीं तो हम इतिहास बन जायेंगे। उन्होंने कहा कि कहा कि सदन में स्पीकर की भूमिका ही सबसे अहम होती है। **यहां सभी के हक की आवाज गूंजती है :** अपने संबोधन में सीएम ने कहा कि सदन लोकतंत्र का सबसे बड़ा मंदिर है। (शेष पेज 11 पर)

### प्रशिक्षण कार्यक्रम काफी अहम : उप सभापति

राज्यसभा के उपसभापति ने कहा कि दुनिया जिस गति से आगे बढ़ रही हम-आप को भी उसी तेजी से बढ़ना होगा। अगर पुराने ढर्रे से भी चलने का प्रयास करेंगे, इस दौड़ में शामिल नहीं होंगे, तो आप और हम अतीत की चीज बन जायेंगे। इतिहास बन जायेंगे। यह प्रशिक्षण आपको भविष्य की योजना बनाने के लिए मानसिक रूप से तैयार करता है। कार्यक्रम में उन्होंने संसदीय प्रणाली के महत्व को समझाया। उन्होंने कहा लोकतंत्र में सबसे महत्वपूर्ण हमारी लोकसभा, राज्यसभा और विधानसभा है। विधानसभा का अध्यक्ष विधानसभा का संरक्षक होता है, जिसकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। नये विधायकों के लिए प्रबोधन-सह-प्रशिक्षण कार्यक्रम काफी महत्वपूर्ण है।

### स्पीकर रवींद्रनाथ महतो ने गरिमा का पाठ पढ़ाया

स्पीकर रवींद्रनाथ महतो ने सदन की गरिमा बनाये रखने में विधायकों की भूमिका पर चर्चा की। सदन की कार्यव्यवस्था और सदस्यों के आचरण पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सदन की कार्यवाही के दौरान कई बार ऐसा भी देखा जाता है कि सदस्य वेल में आकर अपनी बातों को मनवाने के लिए दवाब बनाने की कोशिश करते हैं, जो संवैधानिक रूप से भलें ही उचित नहीं है।

### चेहरा चमकाने को ओछी हरकत ठीक नहीं: सिंह

वरिष्ठ सदस्य सीपी सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि मीडिया में बने रहने के लिए लोग सदन में जिस तरह का व्यवहार करते हैं, वह उचित नहीं है। उन्होंने सदन की कार्यवाही साल में कम से कम 60 दिन चलाये जाने की वकालत की। वर्तमान सरकार से इस दिशा में पहल करने का आग्रह किया। संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने लोकतंत्र और समावेशी विकास पर अपने विचार व्यक्त किये।

## चांद दिखा, तरावीह शुरू, रोजा आज से



**रांची।** दारूल कजा इमारत शरिया रांची के काजी शरीअत मुफती मोहम्मद अनवर कास्मी ने कहा है कि एक मार्च को झारखंड समेत सभी जगह पर चांद नजर आया। रविवार को रमजानुल मुबारक महीने की पहली तारीख है और 1 मार्च शनिवार से तरावीह की नमाज शुरू की गयी। उन्होंने कहा कि यही फैसला मरकजी दारुल कजा इमारत शारीया फुलवारी शरीफ पटना का है।

## महंगाई का झटका एलपीजी के दाम बढ़े

**नयी दिल्ली।** 1 मार्च को एलपीजी के दाम बढ़ गये। 19 किलो वाले कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के दाम में बढ़ोतरी तेल कंपनियों ने की है। दिल्ली से कोलकाता तक यह सिलेंडर 6 रुपये महंगा हो चुका है। कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के मार्च के प्राइस ट्रेंड पर नजर डालें तो पिछले 5 सालों में 1 मार्च को सबसे कम बढ़ोतरी की गयी।

## सीएम हेमंत के मंत्री के पास पहुंचा हाई कोर्ट का नोटिस, चुनाव से जुड़ा है मामला




**रांची।** झारखंड उच्च न्यायालय ने पूर्व विधायक डॉ. लंबोदर महतो की याचिका को स्वीकार करते हुए पेयजल एवं स्वच्छता तथा उत्पाद व मद्य निषेध मंत्री योगेंद्र प्रसाद को नोटिस किया है।न्यायालय ने उन्हें छह सप्ताह के भीतर जवाब देने को कहा है। साथ ही इस मामले में राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बोकारो जिला निर्वाचन पदाधिकारी तथा सहायक निर्वाचन पदाधिकारी, तेनुघाट को भी पार्टी बनाने को कहा है। अधिवक्ता पंकज श्रीवास्तव के अनुसार, याचिका में योगेंद्र प्रसाद पर झारखंड राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग का अध्यक्ष रहते हुए चुनाव लड़ने का आरोप लगाया गया है, जो लाभ का पद है। यह भी कहा गया है कि नामांकन दाखिल करने व नामांकन पत्रों की जांच तक उनका त्यागपत्र स्वीकृत नहीं हुआ था। उन्होंने अपनी याचिका में उनके चुनाव लड़ने पर की गई आपत्ति पर संबंधित अधिकारियों द्वारा जानबूझकर संज्ञान नहीं लेने का भी आरोप लगाया है। न्यायालय द्वारा यह नोटिस 21 फरवरी को ही जारी किया गया है।

मशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने कहा कि विधानसभा में उनके तारांकित प्रश्न का गुमराह करने वाला उत्तर सरकार ने दिया है।विधानसभा में अनुपूरक बजट पर बहस के दौरान शुक्रवार को उन्होंने विस अध्यक्ष का ध्यान इस ओर आकृष्ट किया और कहा कि विधानसभा सत्र शुरु होने के पहले सभाध्यक्ष द्वारा विभिन्न सरकारी विभागों के सचिवों की बैठक बुलाई गई थी।इसमें निर्देश दिया गया था कि सत्र के दौरान विस सदस्यों द्वारा पूछे गये प्रश्नों का सरकार के विभाग सही उत्तर दें। परंतु उनके तारांकित प्रश्न के उत्तर से स्पष्ट हो रहा है कि सरकारी अधिकारी विधानसभाध्यक्ष के निर्देश को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं।

इसके लिए विभागीय मंत्री सर्वाधिक दोषी हैं। विधानसभाध्यक्ष को इसका संज्ञान लेना चाहिए। सरयू ने कहा कि उनका तारांकित प्रश्न जमशेदपुर के एमजीएम कॉलेज एवं अस्पताल के नये भवन में पानी की व्यवस्था को लेकर था। पानी के अभाव में अस्पताल चालू नहीं हो रहा है।इसके उत्तर में सरकार ने कहा कि एलएंडटी द्वारा पानी आपूर्ति की अस्थायी व्यवस्था की गई है। सरकार ने सीधा स्वीकार नहीं किया कि अस्पताल नहीं चल रहा है।इसके बाद पूछा गया कि सेंट्रल ग्राउंड वाटर बोर्ड से अनुमति लिए बिना यहां पांच डीप बोरिंग स्थापित किये जा चुके हैं।इसका जवाब दिया गया कि बोरिंग एलएंडटी द्वारा कराया गया है और पानी के लिए 26 जून 2023 को मानगो नगर निगम को 4,27,60,680 रुपये दिये गये तथा कार्य प्रक्रियाधीन है।सरयू राय ने कहा कि यह सफेद झूठ है। सरयू राय ने कहा कि विस में यह भी पूछा गया कि नये भवन के परिचालन की अनुमति दिये बिना इसमें कतिपय विभागों की ओपीडी सेवा चलाई जा रही है। उन्होंने पूछा कि नये एमजीएम अस्पताल भवन में जल की व्यवस्था नहीं करने और भूमिगत जल का नियम विरुद्ध उपयोग करने के लिए कौन दोषी है?

सरकार ने उत्तर दिया कि भूमिगत जल के उपयोग से संबंधित नियम की प्रति जल संसाधान विभाग से मांगी गई है। राय ने कहा कि सबसे अधिक चिंता की बात यह है कि अस्पताल के लिए पानी की अस्थायी व्यवस्था के नाम पर वहां 10 डीप बोरिंग कराने की योजना है जिसमें से पांच डीप बोरिं।

## सिविल कोर्ट ने 9 दिन में ट्रायल पूरा कर सुनाया फैसला

### तारीख पर तारीख की कहानी हुई पुरानी

**रांची।** सिविल कोर्ट रांची ने एक मामले का ट्रायल मात्र 9 दिनों में पूरा कर केस का फैसला सुना कर शीघ्र फैसला का एक उदाहरण पेश कर दिया। यह मामला रांची के जगरनाथपुर थाना से जुड़ा हुआ था। इसमें रमजान अंसारी ने जाकिर खान, शाकिर खान और शहीद खान पर हत्या की नियत से हमला करने का आरोप लगाया था। इस मामले में जगरनाथपुर थाना में कांड संख्या 237/2024 दर्ज किया गया था। पुलिस ने अपनी जांच पूरी करते हुए दिसंबर महीने में चार्जशीट दाखिल की। (शेष पेज 11 पर)

## तेलंगाना टनल हादसा
# चार लोगों का पता चला

**मंत्री बोले, रविवार शाम तक निकाले जाने की संभावना, लेकिन बचने की उम्मीद कम**

**नागरकुर्नूल।** तेलंगाना के नागरकुर्नूल में निमार्णाधीन श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल (एसएलबीसी) टनल का एक हिस्सा 22 फरवरी को ढह गया था। इसमें झारखंड के गुमला जिला के चार मजदूर भी फंसे हैं। घटना को सात दिन बीत चुके हैं, लेकिन टनल में अब तक आठ कर्मचारी फंसे हुए हैं। हालांकि राज्य के आबकारी मंत्री कृष्ण राव ने बताया कि रडार में चार लोगों का पता चल गया है। उम्मीद है कि रविवार शाम तक उन्हें बाहर निकाल लिया जायेगा, लेकिन उनके बचने की संभावना बहुत कम है। बाकी चार लोगों के बारे में उन्होंने बताया कि उनके टनल बोरिंग मशीन के नीचे फंसे होने का अनुमान है। 450 फीट ऊंची मशीन को काटा जा रहा है। रेस्क्यू ऑपरेशन में 11 एजेंसियां शामिल हैं। 28 फरवरी को साउथ सेंट्रल रेलवे की दो टीमें भी रेस्क्यू के लिए पहुंचीं थी। टीम भारी धातुओं को प्लाज्मा कटर और ब्रॉक कटिंग मशीन जैसे आधुनिक उपकरणों से रास्ते से हटा रही हैं।



### उत्तराखंड हिमस्खलन: 50 मजदूर निकाले गये, इनमें चार की मौत

**चमोली** । उत्तराखंड के चमोली हिमस्खलन में अब तक चार लोगों की मौत हो चुकी है। हादसे के दूसरे दिन शनिवार को 17 मजदूरों को रेस्क्यू किया गया। इससे पहले शुक्रवार को 33 लोगों को बचाया गया था। इनमें गंभीर रूप से घायल चार लोगों की इलाज के दौरान मौत हो गयी। पांच मजदूर अब भी लापता हैं। हादसा चमोली के माणा गांव के नजदीक 28 फरवरी की सुबह 7:15 बजे हुआ। मोली-बद्रीनाथ हाइवे पर बॉर्डर रोड ऑगेर्नाइजेशन के 55 मजदूर कंटेनर हाउस में रुके थे, तभी बर्फ का पहाड़ खिसक गया। सभी मजदूर इसकी चपेट में आ गये।

### दिल्ली में 15 साल पुराने वाहनों को पेट्रोल और डीजल नहीं मिलेगा

**नयी दिल्ली।** दिल्ली में 15 साल और उससे ज्यादा पुराने वाहनों को 31 मार्च से पेट्रोल-डीजल नहीं दिया जायेगा। दिल्ली में बढ़ते बायु प्रदूषण को कंट्रोल करने के लिए दिल्ली सरकार ने यह कदम उठाया है। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने शनिवार को यह ऐलान किया। उन्होंने कहा कि इस फैसले की जानकारी केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्रालय को जल्द दी जायेगी। हम पेट्रोल पंपों पर गैजेट लगा रहे हैं जो 15 साल से पुराने वाहनों की पहचान करेंगे। ऐसे वाहनों को पेट्रोल-डीजल नहीं दिया जायेगा। इसके अलावा शहर की सभी ऊंची इमारतों, होटलों आदि पर एंटी-स्मॉग गन लगाना अनिवार्य किया गया है। ये नियम पहले से ही है। अब सख्ती से लागू किया जायेगा। दिल्ली में लगभग 90 फीसदी पब्लिक सीएनजी बसों को दिसंबर 2025 तक हटा दिया जायेगा। इनकी जगह इलेक्ट्रिक बसें चलायी जायेंगी।

न्यूज़ अपडेट

## बैंक ऑफ बड़ौदा ने बदले कटे फटे नोट

**जमशेदपुर।** बिस्टुपुर स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा की मुख्य शाखा द्वारा बिस्टुपुर बाजार मे कटे फटे नोटों के बदलने के लिए एक शिविर का आयोजन किया गया जहाँ बिस्टुपुर बाजार के व्यपारियों के बिच पुराने नोटों के बदले नये का बदलने का कार्य किया गया। जहाँ काफी संख्या मे लोग लाइन लगा कर पुराने कटे एवं फटे नोटों के बदले नये नोट लिए एवं व्यापार मे सुविधा हेतु खुचरा नोट एवं सिक्के लिए ताकि व्यापार मे सहूलियत हो सके। उक्त जानकारी देते हुए बैंक ऑफ बड़ौदा, बिष्टुपुर मुख्य शाखा के मुख्य प्रबंधक पुष्पेन्द्र कुमार ने कहा कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के निर्देशानुसार यह पुराने एवं कटे फटे नोटों के बदले नये नोट को देने हेतु शिविर का आयोजन किया गया था। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के नर्देशानुसार बाजार से कटे फटे एवं पुराने नोटों को सिलसिलेवार ढंग से वापस ले कर नये नोट एवं नये सिक्कों को चलन मे लाने कि योजना हैँ। उक्त अवसर पर श्री तरुण कुमार दत्ता का भी सक्रिय योगदान रहा।

## नाबालिग से छेड़खानी मामले के पांच आरोपी बरी

**जमशेदपुर।** विशेष पोस्को न्यायाधीश सिरिश दत्त त्रिपाठी की अदालत ने नाबालिग के साथ छेड़खानी व विरोध करने पर उल्टे परिवार पर हमला करने के एक मामले से आरोपी सूरज मंडल, अनिल मंडल, उषा देवी, लक्ष्म देवी एवं अश्विन मंडल को साक्ष्य अभाव में बरी कर दिया। घटना 26 सितंबर 2022 की हैं इस मामले में नाबालिग के पिता ने बागबेड़ा थाने में इन आरोपियों खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी। जिसमे बताया गया था कि उनकी बेटी स्कूल आने जाने के रास्त में सूरज मंडल के द्वारा छेडछाड व परेशान किया जाता रहा। इसका शिकायत सूरज के परिवार से किया गया था। लेकिन 10 अक्टूबर 2022 के दिन सूरज एवं उसके परिवार के सदस्य कुछ महिलाओं के साथ घर पर आए गाली-गलौज व जानलेवा हमला करते हुए मारपीट किया तथा धमकी दिया था। इस मामले में बचाव पक्ष से अधिवक्ता ओम प्रकाश ने पैरवी की।

## भय के साए में जीने को मजबूर परिवार ने सोनारी पुलिस से लगाई गुहार

**जमशेदपुर।** सोनारी नया लाइन निवासी अनुसूचित जनजाति की चंपा देवी का परिवार भय के साए में जीने को मजबूर है। इलाके के एक बड़े बिल्डर ने चंपा देवी और उसके पति धनेश्वर सिंह की पिटाई की है और घर खाली करने की धमकी दी है। दबाव बनाने के लिए बिल्डर ने मकान निर्माण सामग्री गिराई है। भयभीत परिवार ने सोनारी पुलिस, उपायुक्त, वरीय पुलिस अधीक्षक, अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुसूचित जनजाति आयोग को लिखित आवेदन देकर न्याय एवं सुरक्षा की गुहार लगाई है। पुश्तैनी मकान दादा ससुर के नाम पर आवंटितप्राप्त जानकारी के अनुसार सोनारी नया लाइन निवासी चंपा देवी का पुश्तैनी मकान है। जो टाटा स्टील से उसके दादा ससुर के नाम पर आवंटित है। घटना यह है कि 24 फरवरी से बिल्डर शैलेश जैन उर्फ शेरू, दर्शन जैन एवं बसंत अग्रवाल घर में आकर धमकी दे रहे हैं कि मकान उन्होंने खरीद लिया है और मकान जल्दी खाली करो। फिर 26 फरवरी को आरोपी उसके घर आए और जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए शैलेश जैन ने चंपा देवी का हाथ पकड़ कर खींचा तो पति धनेश्वर सिंह बचाने आया तो उसकी पिटाई की और गला भी दबाया। कोर्ट के पेपर पर जबरन हस्ताक्षर करने का दबाव भी देने लगे। चंपा देवी के अनुसार आरोपियों ने फर्जी दस्तावेज एवं फर्जी बिक्रीनामा भी बनाया है और उन्हें घर से निकालने की साजिश की जा रही है। आज बिल्डर के द्वारा जबरन मेरे मकान पर आकर दीवाल वगैरा तोड़ दिया चंपा देवी के अनुसार आरोपी दबंग प्रवृत्ति के हैं और घर के सामने मकान निर्माण सामग्री गिरा दिया है और आलम यह है की नवीं कक्षा का परीक्षा दे रहा बेटा काफी घबराया हुआ रहता है।



## इनर व्हील क्लब ने निकाली सर्वाइकल कैंसर जागरूकता रैली

**जमशेदपुर।** इनर व्हील डिस्ट्रिक्ट 325 द्वारा महिलाओं के सम्मान और उनके हित में 1 से 8 मार्च तक महिला दिवस मना रहा है। इस अवसर पर शनिवार को जमशेदपुर के चार इनर व्हील क्लबों ने मिलकर स्वास्थ्य और सर्वाइकल कैंसर जागरूकता रैली निकाली। इनर व्हील क्लब ऑफ जमशेदपुर की अध्यक्ष सारिका सिंह ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम कितनी ज़रूरी है और इसकी वैक्सीन हमारी बच्चियों, बहू-बेटियों के लिए कितनी आवशयक है। यह एक जानलेवा खतरा बन सकता है, जिससे हमें अपनी बेटियों को बचाना होगा। इस रैली को इनर व्हील डिस्ट्रिक्ट 325 के चार क्लबों इनर व्हील क्लब ऑफ जमशेदपुर, इनर व्हील क्लब ऑफ जमशेदपुर ईस्ट, इनर व्हील क्लब ऑफ जमशेदपुर वेस्ट, इनर व्हील क्लब ऑफ जमशेदपुर जेस्ट ने मिलकर आयोजित किया। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन अलोका नंदा बक्शी ने गुब्बारे उड़ाकर रैली का शुभारंभ किया। इस रैली में 16 गाड़ियां शामिल थीं, जिन्हें विभिन्न तरीकों से सजाया गया था। यह यात्रा बेलडीह क्लब से शुरू होकर कदमा सोनारी लिंक रोड पर समाप्त हुआ। इसमें चारों क्लबों की अध्यक्ष - सारिका सिंह, मधुमिता सान्याल, पापिया चटर्जी, प्रीति गोयल के साथ डिस्ट्रिक्ट ट्रेज़रर निबा मिश्रा, सी.जी.आर. उर्वशी वर्मा, पूर्व अध्यक्ष पासम आदेसरा, मंजू रानी सिंह, रीमा झा, अमिता सिन्हा, निशा गाड़िया सहित क्लब की सदस्यों में एग्नेस बॉयल, वंदना सिन्हा, रेखा जायसवाल, मनीषा सहाय, रश्मि सिन्हा, कंचन मिश्रा, दीपा गांधी, विद्या तिवारी, कविता अग्रवाल इत्यादि ने भाग लिया।

## ऑनलाइन मुशायरे में शायरी का उठाया लुत्फ

**जमशेदपुर।** करीम सिटी कॉलेज की साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था 'स्पार्क' के तत्वावधान में विगत संध्या गुगल मीट के माध्यम से समकालीन उर्दू कविता का प्रतिबिम्बन 'आईना-ए-शब' बिहार के प्रसिद्ध शायर ऐन ताबिश की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। जिसमें शायर के रूप में अलीगढ़ से आलम खुर्शीद, रायबरेली से तारा इकबाल, पटना से सद×फ इ×कबाल, अमरोहा से सैयद शीबान कादरी, इंग्लैंड से नाहिद कयानी तथा जमशेदपुर से गौहर अजीज के साथ और भी उर्दू के बड़े-बड़े शायर मुशायरे में शामिल हुए। इस उर्दू कविता में करीम सिटी कॉलेज के विभिन्न विभागों के छात्र छात्राएं मौजूद हुए। इस कार्यक्रम में करीम सिटी कॉलेज के प्रधानाचार्य ने शायरों का स्वागत करते हुए कहा कि हम इस प्रकार के मुशायरे इसलिए आयोजित करते हैं कि हमारे विद्यार्थियों के साथ-साथ समाज के लोगों का रुजहान भी साहित्य तथा उर्दू शायरी की तरफ हो क्योंकि इसकी जरूरत आज भी उतनी ही है जितनी पहले थी। स्पार्क के आयोजक डॉ एस एम यहिया इब्राहीम ने कार्यक्रम का संचालन किया। मुशायरे में सबसे पहले मेजबान शायर गौहर अजीज ने अपनी गजलें प्रस्तुत कीं। उनके बाद बारी-बारी से सभी शायरों ने अपनी चुनिंदा रचनाओं से कार्यक्रम को यादगार बनाया। इस ऑनलाइन मुशायरे में देशभर से 50 से अधिक लोग शामिल हुए और भारत से लेकर इंग्लैंड तक की शायरी का लुत्फ उठाया

# मानगो में फ्लाईओवर और पाइपलाइन का काम जारी रहने से ट्रैफिक जाम की संभावना, रोजाना होगा परेशानियों का सामना

**जमशेदपुर।**



मानगो में आने वाले दिनों में ट्रैफिक जाम की आशंका है, क्योंकि डिमना रोड पर निर्माण कार्य के कारण सोना स्टोर के पास वाहनों की आवाजाही एक ही लेन तक सीमित हो जाएगी। दोनों दिशाओं में जाने वाले वाहनों को डिमना से मानगो तक लेन साझा करनी होगी, जिससे ट्रैफिक जाम की संभावना है। कार्य शुरू होते ही इसका असर दिखने भी लगा हैं। शुक्रवार की सुबह मानगो पुल पर भीषण जाम लग गया, जिससे वाहन करीब तीन घंटे तक रेंगते रहे। इस दौरान लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। पुल के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और करीब तीन किलोमीटर तक ट्रैफिक बाधित रहा। जानकारी के अनुसार, बस स्टैंड के पास गोलचक्कर के पास मेन रोड पर शुक्रवार की सुबह एक लोड-ेड हाइवा खराब हो गया, जिससे रास्ता संकरा हो गया और वाहनों की आवाजाही प्रभावित हुई. इसके चलते यातायात पूरी तरह से ठप हो गयी। इसी दौरान छोटा पुल पर पाइपलाइन का कार्य चल रहा था, जिसके कारण चारपहिया वाहनों के आवागमन पर रोक लगा दी गयी थी। इस वजह से अधिकतर वाहन मानगो पुल की ओर डायवर्ट हो गये, जिससे जाम की स्थिति और गंभीर हो गयी। जाम के कारण कई स्कूली छात्र-छात्राएं समय पर स्कूल नहीं पहुंच सकें, वहीं ऑफिस जाने वाले लोगों को भी काफी परेशानी हुई. ट्रैफिक पुलिस को जाम को नियंत्रित करने में काफी मशक्कत करनी पड़ी. दोपहर करीब दो बजे के बाद धीरे-धीरे स्थिति सामान्य हुई और वाहनों का परिचालन सुचारू हो सका। इधर, जुबली पार्क का गेट बंद होने के कारण बाग ए जमशेद गोलचक्कर के पास भी जाम की स्थिति बन रही है. शुक्रवार को भी वहां वाहनों की लंबी कतार लग गयी, जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा. स्थानीय लोगों का कहना है कि यह समस्या लगातार बनी हुई है. प्रशासन को जल्द से जल्द इस पर ध्यान देना चाहिए। मालूम हो कि पाइपलाइन मानगो-साकची फ्लाईओवर निर्माण का हिस्सा है, जो डिमना झील से साकची जल उपचार संयंत्र तक मौजूदा पाइपलाइन के साथ-साथ चलेगी। जुस्को ने परियोजना के लिए तैयारियां पूरी कर ली हैं और अंतिम मंजूरी का इंतजार कर रही है। पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता दीपक सहाय ने कहा कि पाइपलाइन के काम के कारण कुछ दिनों तक वाहन केवल डिमना-मानगो लेन पर ही चलेंगे। फ्लाईओवर परियोजना में एक और महत्वपूर्ण विकास हाथीघोड़ा मंदिर के पास 1.33 लाख वोल्ट के हाई-टेंशन तार को भूमिगत करना है। तार वर्तमान में निर्माण स्थल के ऊपर नदी को पार करता है, लेकिन सुरक्षा के लिए बहुत नीचे रखा गया है। इस काम के लिए विशेष सामग्री आयात की जा रही है। जबकि फ्लाईओवर के लिए कई खंभे स्वर्णरेखा नदी में बनाए जा रहे हैं, उनमें से तीन पर काम में ग्रेनाइट जैसी कठोर चट्टान की उपस्थिति के कारण देरी हो रही है। इससे निपटने के लिए, ठेका कंपनी, दिनेश चंद्र आर अग्रवाल ने विदेश से विशेष हीरा कटर मंगवाए हैं। अधिकारियों को उम्मीद है कि काम शुरू होने के बाद डिमना रोड पर भीड़भाड़ बढ़ जाएगी। अंतिम यातायात मोड़ योजना डिप्टी कमिश्नर से मंजूरी के लिए लंबित है और सप्ताहांत तक लागू होने की संभावना है।

# जिला के सभी प्रखंडों के नोडल पदाधिकारियों ने पांच-पांच जन वितरण प्रणाली दुकान का किया औचक निरीक्षण

## लाभुकों को पूरी पारदर्शिता से ससमय खाद्यान्न उपलब्ध कराने का निर्देश

**जमशेदपुर।**




पूर्वी सिंहभूम जिला अंतर्गत विभिन्न प्रखंडों में केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का पर्यवेक्षण तथा अनुश्रवण हेतु प्रखंडों के लिए नोडल पदाधिकारी प्रतिनियुक्त किए गए हैं। प्रत्येक शनिवार को सभी नोडल द्वारा पंचायत क्षेत्र का भ्रमण कर योजनाओं का स्थल निरीक्षण किया जाता है। इसी क्रम में जिला उपायुक्त अनन्य मित्तल के निदेशानुसार सभी प्रखंडों के नोडल पदाधिकारियों ने आज पांच-पांच जन वितरण प्रणाली दुकानों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पदाधिकारियों ने खाद्यान्न उठाव एवं वितरण, राशन कार्डधारियों द्वारा खाद्यान्न का उठाव, स्टॉक में खाद्यान्न की स्थिति, आधार सीडिंग आदि की जांच की गई तथा इसके अलावा पीडीएस दुकान के माध्यम से वितरित की जाने वाली अन्य सामग्री के वितरण की अद्यतन स्थिति की जांच की गई। इस दौरान परियोजना निदेशक आईटीडीए दीपांकर चौधरी ने घाटशिला, एसडीएम धालभूम शताब्दी मजूमदार ने बोड़ाम, अपर उपायुक्त भगीरथ प्रसाद ने पटमदा, एसओआर राहुल आनन्द ने धालभूमगढ़, एलआरडीसी घाटशिला नीत निखिल सुरीन ने बहरागोड़ा, एलआरडीसी धालभूम गौतन कुमार ने पोटका, जिला पंचायत राज पदाधिकारी रिंकू कुनारी ने जेएनएसी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी सलमान जफर खिजरी ने डुमरिया, डीटीओ धनंजय ने जुगसलाई नगर परिषद, निदेशक एनईपी संतोष गर्ग ने गुड़ाबांदा समेत अन्य नोडल पदाधिकारियों ने पीडीएस दुकानों की जांच किया। पदाधिकारियों ने निरीक्षण के दौरान यह सुनिश्चित किया कि लाभुकों को ससमय खाद्यान्न उपलब्ध हो, साथ ही सभी लाभुकों को बिना किसी कटौती के खाद्यान्न मिले। क्षेत्र भ्रमण के पश्चात सभी नोडल पदाधिकारियों को जांच प्रतिवेदन संध्या 6 बजे तक उपायुक्त कार्यालय में समर्पित करने का निदेश दिया गया है। जिला उपायुक्त द्वारा सभी नोडल पदाधिकारियों के साथ बैठक कर कमियों की समीक्षा की जाएगी एवं अनुशंसा के अनुरूप लापरवाह पीडीएस संचालकों के विरूद्ध आवशयक अग्रेत्तर कार्रवाई की जाएगी।

## फोन पर बैंक संबंधित जानकारी मांगने वालों की जानकारी साइबर थाना को दे- एसएसपी




**जमशेदपुर।** फैकेल्टी आफ एजुकेशन करीम सिटी कॉलेज मानगो कैंपस में बीएड एवं डीएलएड एवं इंटरमीडिएट के विद्यार्थियों के लिए साइबर अवेयरनेस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन बी एड विभाग के ग्रीवांस रिड्रेसल सेल के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जमशेदपुर के वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल उपस्थित थे। अतिथियों का स्वागत कॉलेज के प्रिंसिपल डॉक्टर मोहम्मद रियाज एवं बीएड की विभागीय अध्यक्ष सुचेता भुइयां ने पुष्प गुच्छ देकर एवं शाल ओढ़ाकर किया। एसएसपी किशोर कौशल ने विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए बताया कि हमें तीन चीजों के चक्कर में कभी भी नहीं पड़ना चाहिए लालच, डर और झिझक। अगर कभी भी कोई आपसे फोन पर आपके बैंक संबंधित जानकारी मांगता है या फिर किसी ओटीपी को शेयर करने को कहे तो तुरंत ही उसकी जानकारी साइबर थाना को दे या फिर फोन पर इसकी जानकारी 1930 पर कॉल कर दे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कॉलेज के प्रिंसिपल डॉक्टर मोहम्मद रियाज, आजादनगर थाना प्रभारी चंदन कुमार, साइबर एक्सपर्ट के रूप में साइबर थाना प्रभारी श्रीनिवास कुमार और आजाद नगर थाना शांति समिति के सचिव मुख्तार आलम खान उपस्थित थे। साइबर थाना प्रभारी ने जानकारी दी के बीएड के छात्र छात्राओं को ऑनलाइन एक हफ्ते का साइबर अवेयरनेस सर्टिफिकेट कोर्स करवाया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन बीएड की शिक्षिका नुसरत बेगम ने किया। धन्यवाद ज्ञापन विभागाध्यक्ष डॉ सुचेता भुइयां ने किया। इस कार्यक्रम में बीएड, डीएलएड एवं इंटरमीडिएट के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

# एक ही रात दुकान का ताला और घर की खिड़की काटकर चोरी, जांच में जुटी पुलिस

**जमशेदपुर।**



जादूगोड़ा शहर में अपराधियों की बेलगाम गतिविधियाँ बढ़ते हुए पुलिस की पकड़ कमजोर हो रही है। बीती रात दो स्थानों पर चोरों ने घुसपैठ कर बड़े पैमाने पर चोरी करते हुए उत्पात मचाया। पहली घटना में जादूगोड़ा थाना क्षेत्र के राखा माइंस रेलवे स्टेशन की ओर जाने वाली मुख्य सड़क के किनारे स्थित यूसिल कंपनी के पूर्व महामंत्री प्रदीप भगत की राशन दुकान को निशाना बनाया गया। चोरों ने दुकान के पीछे से ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया। वहां स्थित गल्ले के कैश बॉक्स का ताला भी तोड़कर रखी राशि चुरा ली गई। इस घटना ने स्थानीय व्यापारियों और यात्रियों में असुरक्षा की भावना को और बढ़ा दिया है। दूसरी घटना महज आधा किलोमीटर दूर हुई, जहां गैस कटर की सहायता से चोरों ने तूरामडीह यूरेनियम प्रोजेक्ट से सेवानिवृत बिजली विभाग के पूर्व कर्मचारी नारायण भगत के आवास की खिड़की के रड को काटकर अंदर घुसपैठ की। चोरों ने अलमीरा का ताला तोड़कर कीमती सामान, जिनमें जेवरात, सोना (मूल्य लगभग 3.5 लाख), दो घड़ियाँ, 10 हजार रुपये नकद, 5 डिजाइन पर्स, 4 साड़ियाँ, नाइटी एवं अन्य सामान शामिल थे, चुरा लिए। शनिवार को नारायण भगत के पुत्र आशीष कुमार ने घटना की शिकायत थाने में दर्ज कराई है और प्रशासन से आरोपियों की तुरंत गिरफ्तारी की मांग की है। यह मामला पिछले छह महीनों में हुई चोरी की घटनाओं में से एक है। इससे पहले भी शोमी इलेक्ट्रॉनिक के पास स्थित एक दुकान से लाखों रुपए की मोबाइल चोरी का मामला सामने आया था, जिसमें पुलिस ने कुछ आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई थी। साथ ही स्थानीय लोगों की संलिप्तता के भी संकेत मिलने से अपराध नियंत्रण में और दिक्कतें उत्पन्न हो रही हैं। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है

## आईटीसी बिंगो टेढ़े मेढ़े का भोजपुरी म्यूजिक वीडियो लॉन्च

**जमशेदपुर।** आईटीसी का लोकप्रिय स्नैकिंग ब्रांड, बिंगो टेढ़े मेढ़े ने सुपरस्टार खेसारी लाल यादव के साथ बनाए गए धमाकेदार भोजपुरी म्यूजिक वीडियो 'टेढ़े मेढ़े' के लॉन्च के साथ अपने क्षेत्रीय जुड़ाव को और गहरा कर रहा है। आईटीसी फूड्स में नूडल्स और पास्ता के वाइस-प्रेजिडेंट और हेड ऑ×फ मार्केटिंग स्नैक्स, सुरेश चंद ने कहा कि अपने नवीनतम म्यूजिक वीडियो के लॉन्च के साथ, ब्रांड का लक्ष्य बिहार और उत्तर प्रदेश की अद्भुत संस्कृति और युवाओं के हौंसले का जश्न मनाते हुए अपने मजबूत क्षेत्रीय जुड़ाव को और भी मजबूत करना है।




# मायुमं स्टील सिटी शाखा ने टाटानगर रेलवे स्टेशन पर लगाया स्थायी अमृतधारा

**जमशेदपुर।**




मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी शाखा द्वारा समाज सेवा के अपने संकल्प को आगे बढ़ाते हुए मंच का 47वां एवं सत्र 2024-25 का 10वां स्थायी अमृतधारा टाटानगर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 2 पर लोकार्पित किया गया। इस पहल को स्व. बैद्यनाथ चौधरी चेरिटेबल ट्रस्ट, पश्चिम बंगाल एवं पूर्वी जिला अग्रवाल सम्मेलन के सौजन्य से संपन्न किया गया। इस मौके पर मंच के अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, सचिव आलोक अग्रवाल, मनीष चौधरी, लिप्पू शर्मा, अभिषेक अग्रवाल (गोल्डी) और राहुल चौधरी आदि उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि अमृतधारा लगाने का उद्देश्य यात्रियों और आमजन को शुद्ध एवं ठंडे पेयजल की सुविधा प्रदान करना है, जिससे खासतौर पर गर्मी के दिनों में यात्रियों को राहत मिलेगी। यह समाज सेवा का एक महत्वपूर्ण कदम है, जो मंच की जनकल्याणकारी सोच को दर्शाता है। मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी शाखा समाजसेवा के कार्यों में लगातार सक्रिय भूमिका निभा रही है और भविष्य में भी इसी तरह जरूरतमंदों के लिए सेवा कार्य करती रहेगी।

## लखनऊ में जमशेदपुर के लाल प्रशांत ने जीता सिल्वर मेडल

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के लाल प्रशांत सिंह ने लखनऊ में 14वीं फेडरेशन कप बॉडीबिल्डिंग चौंपियनशिप में सिल्वर मेडल जीत कर झारखंड का परचम लहरा दिया है। गौरतलब है कि 22 से 24 फरवरी तक उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में 14वीं फेडरेशन कप बॉडीबिल्डिंग चौंपियनशिप का आयोजन किया गया था। इसमें देश भर के बॉडी बिल्डर आए हुए थे। तीन दिनों तक चले कड़े मुकाबले में प्रशांत ने सिल्वर मेडल पर कब्जा हासिल किया। प्रशांत ने यह मुकाबला 100 किलोग्राम भार वर्ग में लड़ा था। मुकाबला लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में संपन्न हुआ। यह आयोजन इंडियन बॉडी बिल्डर्स फेडरेशन (आईबीबीएफ) ने करवाया था। इस आयोजन का मकसद था देश के चुनिंदा, प्रतिभावान बॉडी बिल्डर्स से देश का परिचय कराना।

# अंतरराज्यीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम में सांस्कृतिक और आपसी समझ को मिला बढ़ावा

**जमशेदपुर।**

भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत नेहरु युवा केंद्र ,पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर द्वारा अंतरराज्यीय युवा आदान - प्रदान कार्यक्रम के समापन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में अनुमंडल पदाधिकारी शताब्दी मजूमदार, जिला खेल पदाधिकारी अभिनेष त्रिपाठी, नेहरू युवा केंद्र, पूर्वी सिंहभूम के पूर्व जिला युवा समन्वयक एंजिल्स मिंज, करीम सिटी कॉलेज के एनएसएस समन्वयक सैयद साजिद परवेज, पूर्वी सिंहभूम की जिला युवा अधिकारी अंजली कुमारी एवं दिल्ली के युवा प्रतिभागी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का उद्देश्य दिल्ली और देश के अन्य हिस्सों के युवाओं के बीच संस्कृति, शिक्षा और आपसी समझ को बढ़ावा देना था। अंतर्राज्यीय युवा आदान प्रदान कार्यक्रम के समापन समारोह का आयोजन बड़े उत्साह और उमंग के साथ किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों से आए युवाओं ने भाग लिया, जिससे सांस्कृतिक आदान-प्रदान और आपसी समझ को बढ़ावा मिला। समारोह की शुरुआत राष्ट्रगान और एक सांस्कृतिक प्रस्तुति से हुई द्यमुख्य अतिथि के रूप में अनुमंडल पदाधिकारी श्रीमती शताब्दी मजूमदार ने कहा कि हम युवाओं पर देश का भविष्य टिका है। हमें केवल शिक्षा और करियर तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी भी उठानी चाहिए। जिला खेल पदाधिकारी श्री अभिनेष त्रिपाठी ने संबोधन में युवाओं की ऊर्जा और उनकी सकारात्मक सोच की सराहना की। जिला युवा अधिकारी ने बताया कि युवाओं से अपील की कि वे इस अनुभव को अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए उपयोग करें और सामाजिक एकता को मजबूत बनाएं।

कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए आयोजकों, स्वयंसेवकों और प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले युवाओं को विशेष पुरस्कार भी प्रदान किए गए।



## राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण घोटाला मामला

# पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा पर हाइकोर्ट ने लगाया 4000 रुपये का जुर्माना

**समय मांगे जाने पर तीसरी बार लगाया जुर्माना**

**हैदराबाद की बिजली कंपनी के डायरेक्टर डीके श्रीवास्तव से मुंबई में 11.40 करोड़ रुपये घूस लेने का आरोप**




**रांची।** राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण घोटाले में आरोपी पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा की ओर से निचली अदालत द्वारा आरोप गठित किये जाने को चुनौती देने वाली याचिका की सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में हुई। हाइकोर्ट ने तीसरी बार फिर से मधु कोड़ा की ओर से समय मांगे जाने पर 4000 रुपये का जुर्माना लगाया। मामले की अगली सुनवाई 6 सप्ताह बाद होगी। इससे पहले 17 जनवरी 2025 को समय मांगे जाने पर मधु कोड़ा पर 2000 रुपये का जुर्माना एवं 13 दिसंबर 2024 को 1000 रुपये का जुर्माना कोर्ट ने लगाया था। जुर्माना की राशि झारखंड लीगल सर्विस अथॉरिटी (झालसा ) में जमा करने का निर्देश हुआ था। बता दें कि मधु कोड़ा पर आरोप है कि उन्होंने पूर्व में मुख्यमंत्री के उच्च पद का दुरुपयोग करते हुए हैदराबाद की बिजली कंपनी आइवीआरसीएल के डायरेक्टर डीके श्रीवास्तव से मुंबई में 11.40 करोड़ रुपये घूस ली। साथ ही कंपनी को फायदा पहुंचाने के लिए उसे लातेहार, गढ़वा और पलामू सहित छह जिलों के ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युतीकरण करने का टेंडर दे दिया। इस मामले की जांच सीबीआइ कर रही है। इसमें मधु कोड़ा ढाई साल तक जेल में रहे थे। उन्हें 30 जुलाई 2013 को जमानत मिली थी।

बता दें कि आरोप है कि तत्कालीन मुख्यमंत्री मधु कोड़ा ने हैदराबाद की ब्लैक लिस्टेड कंपनी आइवीआरसीएल को काम दिया था। वर्ष 2006 में राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण परियोजना के लिए झारखंड को केंद्र से 467.76 करोड़ रुपये मिले थे। इस परियोजना के तहत झारखंड के छह जिलों के 27359 गांवों का विद्युतीकरण किया जाना था। इससे 29.26 लाख परिवारों को सीधे तौर पर लाभ मिलता।

## 5 दिवसीय दौरे पर फिर झारखंड आ रहे हैं कांग्रेस प्रदेश प्रभारी के राजू



**रांची । कांग्रेस के नये प्रदेश प्रभारी के राजू 5 दिवसीय झारखंड दौरे पर फिर आ रहे हैं। के राजू 6 मार्च को रांची पहुंचेंगे। इसके बाद वे रांची से पलामू के लिए रवाना होंगे। इसके बाद वे झारखंड के अलग-अलग जिलों का दौरा करेंगे। राकेश सिन्हा ने बताया कि महिला दिवस के दिन मांडर में उनका एक कार्यक्रम भी होगा। कार्यक्रम के बाद वे बोकारो के लिए रवाना होंगे। वहीं नौ मार्च को गोड्डा, पाकुड़, साहिबगंज के अध्यक्षों के साथ बैठक करेंगे। बैठक के बाद वे 10 मार्च को देवघर के लिए रवाना होंगे और वहां से दोपहर डेढ़ बजे दिल्ली के लिए रवाना हो जायेंगे।**

# झारखंड पुलिस एसोसिएशन के अध्यक्ष राहुल मुर्मू बने

## उपाध्यक्ष पद पर रोहित, संजीव कुमार महामंत्री चुने गये

**रांची।** झारखंड पुलिस एसोसिएशन का चुनाव संपन्न हो गया। 28 फरवरी को हुए इस चुनाव में 1056 मतदाताओं में से 996 ने अपने मत का प्रयोग किया। चुनाव परिणामों के अनुसार, अध्यक्ष पद पर राहुल मुर्मू, उपाध्यक्ष पद पर रोहित रजक और महताब आलम, महामंत्री पद पर संजीव कुमार, संयुक्त सचिव पद पर राकेश कुमार पांडे और संतोष महतो तथा संगठन सचिव पद पर मंटू कुमार ने जीत हासिल की। नये पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह एक मार्च को आयोजित किया गया है। यह चुनाव दो साल की देरी से हुआ था। झारखंड पुलिस एसोसिएशन के नये पदाधिकारियों के चुनाव को लेकर पुलिस मुख्यालय से कई बार रिमाइंडर भेजे गये थे। एसोसिएशन, जो झारखंड पुलिस के कनीय पुलिस पदाधिकारियों का एसोसिएशन है, अपने सदस्यों की समस्याओं के समाधान के लिए पुलिस मुख्यालय और सरकार के बीच सेतु का काम करता है।



### चुनावी मैदान में ये थे प्रत्याशी

- अध्यक्षः राहुल कुमार मुर्मू, रवींद्र कुमार, कमलेश सिंह
- उपाध्यक्षः निरंजन तिवारी, रोहित कुमार रजक, रामाकांत उपाध्याय, महताब आलम, अशोक तिवारी
- महामंत्रीः संजीव कुमार, अरविंद कुमार यादव, नीलमणी राम
- संयुक्त सचिवः संतोष कुमार महतो, राकेश कुमार पांडेय, श्रीकांत शर्मा, मनोज पासवान
- संगठन सचिवः मंटू कुमार, निर्मल कुमार यादव

# एसइआर सेंट्रल अस्पताल, कोलकाता में आयोजित हुआ भारतीय रेलवे स्वास्थ्य सेवा संघ का 41वां वार्षिक सम्मेलन



एसइआर सेंट्रल हॉस्पिटल, गार्डन रीच में भारतीय रेलवे स्वास्थ्य सेवा संघ के 41वें वार्षिक सम्मेलन के दौरान रेलवे बोर्ड के महानिदेशक डॉ मान सिंह, दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक अनिल कुमार मिश्रा, दक्षिण पूर्व रेलवे की प्रमुख मुख्य चिकित्सा निदेशक डॉ अंजना मल्होत्रा और अन्य गणमान्य व्यक्तियों द्वारा 'पेंटाकॉन मेमोयर्स' पर एक स्मारिका का विमोचन किया गया।

**कोलकाता।** भारतीय रेलवे स्वास्थ्य सेवा संघ/एसइआर का 41वां वार्षिक सम्मेलन, छठा रैपिकॉन और पहला राल्मकॉन 27 फरवरी से एक मार्च तक एसइआर सेंट्रल अस्पताल, गार्डन रीच, कोलकाता में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन 28 फरवरी को रेलवे बोर्ड के महानिदेशक, रेलवे स्वास्थ्य सेवा डॉ मान सिंह ने अनिल कुमार मिश्रा, महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, डॉ अंजना मल्होत्रा, प्रमुख मुख्य चिकित्सा निदेशक, दक्षिण पूर्व रेलवे, अन्य विशिष्ट अतिथियों और भारतीय रेलवे के विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित डॉक्टरों की उपस्थिति में किया। अपने भाषण के दौरान महानिदेशक ने कहा कि इस प्रकार के सम्मेलन से ज्ञान में वृद्धि और समृद्धि होती है और जूनियर डॉक्टरों को कौशल हासिल करने में मदद मिलती है। उन्होंने लाइव ऑपरेटिव कार्यशाला की सराहना की, जो एक बड़ी सफलता थी। दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक ने इस सम्मेलन के आयोजन के लिए एसोसिएशन को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन निस्संदेह डॉक्टरों के पेशेवर विकास में योगदान देगा। सम्मेलन में पूरे भारत से आये वक्ताओं ने अपने बहुमूल्य विचार साझा किये। 27 फरवरी को लाइव इएनटी सर्जरी पर एक कार्यशाला आयोजित की गयी। 28 फरवरी, 2025 को इएनटी सेमिनार में प्रख्यात इएनटी और हेड एंड नेक सर्जनों ने अपने बहुमूल्य ज्ञान और अनुभव को साझा किया। एक मार्च को देश के विभिन्न हिस्सों से प्रख्यात पैथोलॉजिस्टों की बातचीत के साथ पैथोलॉजी सेमिनार आयोजित किया गया। उद्घाटन समारोह के दौरान गणमान्य व्यक्तियों द्वारा 'पेंटाकॉन मेमोयर्स' पर एक स्मारिका का भी विमोचन किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रीय रेलवे के प्रतिनिधियों और पश्चिम बंगाल चैप्टर के इएनटी और पैथोलॉजी एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

## हाइकोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा-

# शिक्षकों के वेतन के लिए क्यों फंड नहीं है, कहां जा रहा है पैसा ?

**झारखंड माध्यमिक शिक्षक संघ पलामू इकाई की ओर से हाइकोर्ट में याचिका दाखिल की गयी है**




**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट में पलामू जिला के विभिन्न सरकारी स्कूलों में कार्यरत ट्रेंड शिक्षकों (ट्रेंड ग्रेजुएट टीचर) के कई माह से वेतन भुगतान नहीं होने के मामले में दायर रिट याचिका की सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने राज्य सरकार से मौखिक पूछा कि पलामू जिला के सरकारी स्कूलों में कार्यरत 407 ट्रेंड शिक्षकों को क्यों वेतन भुगतान नहीं किया जा रहा है, उनके वेतन के मद का पैसा कहां जा रहा है? कोर्ट ने मामले में राज्य सरकार से पूछा है कि किस कारण से इन शिक्षकों का वेतन भुगतान नहीं हो रहा है, उसे स्पष्ट करें। साथ ही यह भी बतायें कि उनका वेतन भुगतान कब तक हो सकेगा। कोर्ट ने एक सप्ताह में राज्य सरकार से जवाब मांगा है। सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता अमृतांश वत्स ने कोर्ट को बताया कि पलामू में सरकारी स्कूल में कार्यरत 407 ट्रेंड शिक्षकों को करीब 9 माह से वेतन भुगतान नहीं किया जा रहा है जिससे उनकी दैनिक स्थिति खराब हो गयी है। बकाया वेतन भुगतान को लेकर अधिकारियों से जब उन्होंने संपर्क किया तो अधिकारियों का कहना है कि फंड की कमी है, इसलिए वेतन उन्हें नहीं दिया जा रहा है। उनकी ओर से शिक्षकों को जल्द वेतन भुगतान करने का आग्रह किया गया। मामले में झारखंड माध्यमिक शिक्षक संघ पलामू इकाई की ओर से हाइकोर्ट में याचिका दाखिल की गयी है।

## झारखंड में कांग्रेस को मजबूत करने की कवायद

**रांची:** अखिल भारतीय कांग्रेस कार्यसमिति के स्थायी आमंत्रित सदस्य और झारखंड कांग्रेस प्रभारी के. राजू आगामी 6 मार्च को पांच दिन के लिए झारखंड आ रहे हैं. प्रभारी बनने के बाद वो दूसरी बार दौरा कर रहे हैं. कांग्रेस के प्रदेश मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने के. राजू के दूसरे झारखंड दौरे की जानकारी देते हुए बताया कि 6 मार्च को रांची पहुंचने के बाद प्रदेश प्रभारी सड़क मार्ग से पलामू के लिए प्रस्थान करेंगे, जहां दोपहर बाद 1 बजे से पलामू, लातेहार और गढ़वा जिले के कांग्रेस जिलाध्यक्षों, प्रखंड और मंडल अध्यक्ष के साथ बैठक करेंगे.के. राजू उसी दिन शाम 5 बजे पलामू से लातेहार के लिए रवाना होंगे, उनका रात्रि विश्राम लातेहार में होगा. 7 मार्च को लातेहार से बोकारो के लिए प्रस्थान करेंगे, जहां 11बजे बोकारो जिला कांग्रेस कार्यालय में बोकारो, धनबाद व गिरिडीह के जिला, प्रखंड एवं मंडल अध्यक्ष के साथ बैठक करेंगे.

8 मार्च को महिला दिवस पर रांची जिले के मांडर में आयोजित प्रगतिशील महिला किसान सम्मान समारोह में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी शिरकत करेंगे. इस कार्यक्रम के बाद के. राजू फिर से बोकारो के लिए रवाना हो जाएंगे, जहां रात्रि विश्राम के बाद 9 मार्च को वह गोड्डा जाएंगे. गोड्डा, पाकुड़, साहिबगंज के जिला प्रखंड और मंडल अध्यक्ष के साथ प्रभारी की यहां बैठक होगी. 10 मार्च को वो देवघर जिला कांग्रेस मुख्याल में पूर्वाह्न 09 बजे से देवघर, जामताड़ा, दुमका के जिला, प्रखंड, मंडल अध्यक्षों के साथ बैठक करेंगे. वहीं से वो दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगे. झारखंड में कांग्रेस को मजबूत जनाधार वाली पार्टी बनाने के लिए कांग्रेस का केंद्रीय नेतृत्व कितना गंभीर है. इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि राज्य के प्रभारी बनने के बाद एक पखवाड़े के अंदर उनका दूसरा दौरा है. वह पहले दौर में 21 फरवरी से 25 फरवरी तक पांच दिवसीय झारखंड दौरे पर थे और फिर एक बार पांच दिवसीय झारखंड दौरे का कार्यक्रम है.

## बाबूलाल और इरफान आमने-सामने

**रांची:** सूबे के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने सीएजी की रिपोर्ट को बेबुनियाद बताया है. उन्होंने कहा कि यह रिपोर्ट कितनी सच है या कितनी झूठ, यह मेरी समझ से परे है. वे शनिवार को दुमका में मीडिया से बातचीत कर रहे थे. उन्होंने कहा कि भले ही यह मामला अभी मेरे विभाग से जुड़ा हो, लेकिन मामला रघुवर दास के समय का है. उन्होंने कहा कि सीएजी रिपोर्ट को लेकर जो बाबूलाल मरांडी हमारे खिलाफ बोल रहे हैं, जब मेरी बात उन तक पहुंचेगी कि यह भाजपा के शासन काल का है, तो वे इसके खिलाफ नहीं बोलेंगे. इरफान अंसारी ने कहा कि बाबूलाल मरांडी का भाजपा में कोई इज्जत नहीं है, इसका कारण यह है कि वे ट्राइबल हैं. उन्होंने विधानसभा में बोलना भी बंद कर दिया है. उन पर सीपी सिंह और अन्य नेताओं ने दबाव बना रखा है. झारखंड में कमल का फूल अब पूरी तरह मुरझा चुका है. उसमें कोई उत्साह नहीं बचा है. सदन में हेमंत सरकार के सामने रखने के लिए उनके पास कोई मुद्दा नहीं है. आज भाजपा दिल्ली में बैठे अपने राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देश पर नहीं बल्कि नागपुर से संचालित हो रही है.

बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि सरकार ने तकरीबन 19 हज़ार करोड़ रुपये की राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र जमा नहीं किया, जो बड़े भ्रष्टाचार की संभावना को प्रबल करता है. आकस्मिक विपत्र निकासी में गड़बड़ी और गलत बजटीय प्रावधान का खामियाजा झारखंड की जनता जनार्दन को भुगतना पड़ा. राज्य 1.10 लाख करोड़ से ज्यादा का कर्जदार हो गया है. स्वास्थ्य क्षेत्र की बात करें तो डॉक्टरों के 61 फीसदी पद खाली, मेडिकल कॉलेज में 45 फीसदी पद खाली हैं. दवा व उपकरण की खरीद पर उपलब्ध राशि का महज 20 प्रतिशत ही खर्च हुआ. सैंपल जांच केंद्रों में दवा की कमी 66-94 प्रतिशत तक ओटी में भी उपकरणों की कमी 48-67 प्रतिशत तक रही. कैग की यह रिपोर्ट हेमंत सरकार के कुशासन को आईना दिखा रही है.

## श्री श्याम प्रभुजी की निशान शोभा यात्रा पांच को

एजेंसी : रांची

**खूंटी।** श्री श्याम मंडल खूंटी के तत्वावधान में पांच मार्च को दोपहर तीन बजे से श्री श्याम प्रभुजी की निशान(ध्वजा) शोभा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। इसको लेकर तैयारियां जोरों पर है। निशान यात्रा की शुरुआत महादेव मंडा, कर्रा रोड से होगी और नगर भ्रमण करते हुए पिपरा टोली स्थित राम मंदिर में निशान अर्पण किया जायगा। श्री श्याम मंडल द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा गया कि जो भक्त निशान (ध्वजा) बाबा श्याम प्रभु को चढ़ाना चाहते हैं, उन्हें एक निशान कार्ड दिया जाएगा। निशान के लिए कार्ड श्री श्याम मंडल खूंटी के संरक्षक ओम प्रकाश भाला के मोबाईल



नंबर 93341 75999 और महामंत्री विशाल कुमार साहू के 7903382499 से संपर्क किया जा सकता है। मंडल ने सभी भक्तों से आग्रह किया है कि इस भव्य शोभा यात्रा में शामिल हो कर इसे सफल बनाएं।

## पूर्ववर्ती छात्र सम्मान समारोह में मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की हुईं सम्मानित

एजेंसी : रांची




बेंगलुरु स्थित क्राइस्ट विश्वविद्यालय में आयोजित पूर्ववर्ती छात्रों के सम्मान समारोह में झारखंड की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में देशभर से कई सांसद, विधायक और मंत्री शामिल हुए। यह जानकारी मंत्री की ओर से दी गई। क्राइस्ट विश्वविद्यालय से उच्च शिक्षा प्राप्त करने के बाद समाज में अपने काम के दम पर अलग पहचान बनाने वाले सफल छात्रों को ये सम्मान दिया गया। सम्मान पाने वाले सभी आज अपने-अपने क्षेत्र में बेहतर मुकाम पर हैं। मंत्री के साथ सांसद सुधा मूर्ति, सांसद फ्रांसिस जॉर्ज, कर्नाटक सरकार में राजस्व मंत्री कृष्णा गौड़ा, सांसद मल्लेश बाबू , विधायक चांडी ओमन, विधायक दर्शन ध्रुवनरायणा , सांसद सागर ईश्वर खंड्रे को विश्वविद्यालय के द्वारा सम्मानित किया गया। सम्मान पाने के बाद मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि अपनों के हाथ सम्मान पाना गर्व की बात है। बेंगलुरु के क्राइस्ट विश्वविद्यालय के द्वारा सम्मान पा कर जो सुखद अनुभूति हुई, उसके लिए मेरे पास शब्द नहीं है। विश्वविद्यालय के द्वारा पूर्ववर्ती छात्रों के सम्मान में आयोजित समारोह में देश भर के कई सांसद, विधायक और मंत्रियों के साथ सम्मानित होने का गौरव प्राप्त हुआ। छात्रों के भविष्य को गढ़ने में शिक्षण संस्थान का हमेशा से महत्वपूर्ण योगदान रहा है। गुरुदेव हमेशा पथ प्रदर्शक की भूमिका में रहे है। क्राइस्ट विश्वविद्यालय देश के गिने चुने उन विश्वविद्यालयों में शामिल हैं, जहां शिक्षा प्राप्त करना हर एक मेधावी छात्र का सपना होता है। विश्वविद्यालय के प्रांगण में आ कर पुरानी यादें ताजा हो गईं और वो तमाम सपने भी जो भविष्य को लेकर अक्सर देखती थी।

# प्रशिक्षण संस्थान में वेबीनार का आयोजन



एजेंसी : रांची

**लोहरदगा ।** लोहरदगा के आरसेटी कार्यालय में शनिवार को बजट 2025-26 घोषणाओं के कार्यान्वयन पर चर्चा करने के लिए कृषि और ग्रामीण समृद्धि पर बजट के बाद वेबिनार आयोजित किया गया। उद्घाटन भाषण प्रधान मंत्री के जरिये दिया गया और कृषि और किसान कल्याण विभाग के विभिन्न विभागों के सचिवों की अध्यक्षता में किया गया। इस वेबिनार का सीधा प्रसारण ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान लोहरदगा में किया गया। प्रतिभागियों में बैंको के प्रतिनिधि, अग्रणी जिला प्रबंधक, निदेशक, ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, डीडीएम नाबार्ड और लोहरदगा जिले के किसान शामिल थे। आर्थिक सर्वेक्षण 2024 में भी बताया गया है कि 31 मार्च 2024 तक 7.75 करोड़ किसान क्रेडिट कार्ड केसीसी खाते हैं। अल्पकालिक ऋण जरूरतों को पूरा करके केसीसी योजना ने कृषि उत्पादकता बढ़ाने और किसानों की आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। केसीसी-संशोधित ब्याज अनुदान योजना किसानों को चार प्रतिशत की प्रभावी रियायती ब्याज दर पर ऋण दे रही है। किफायती ऋण तक आसान पहुंच सुनिश्चित करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक ने जमानत-मुक्त ऋण को 1.6 लाख से बढ़ाकर दो लाख कर दिया है। एक बड़े कदम के रूप में केंद्रीय बजट 2025-26 ने संशोधित ब्याज सहायता योजना के तहत ऋण सीमा को तीन लाख से बढ़ाकर पांच लाख कर दिया है। इस कदम से छोटे और सीमांत किसानों पर वित्तीय तनाव कम होने के साथ-साथ कृषि में अधिक निवेश को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। इससे फसल उत्पादन, बागवानी, पशुपालन और मत्स्य पालन के लिए किसानों की बढ़ी हुई कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं को पूरा करने में काफी मदद मिलेगी।सरकार ने पिछले दशकों में एमआईएस के माध्यम से किसानों को 1.44 लाख करोड़ रुपये प्रदान किए हैं। इन पहलों के माध्यम से सरकार का लक्ष्य 2023-24 में कृषि अल्पकालिक ऋण को 9.81 लाख करोड़ रुपये से बढ़ाकर 2029-30 तक 20 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचाना है।

इन उपायों के ज़रिए सरकार न केवल ग्रामीण क्षेत्रों में ऋण की सुलभता बढ़ा रही है, बल्कि किसानों को वित्तीय स्वतंत्रता भी दे रही है। जैसे-जैसे यह पहल पूरे देश में लागू होगी, इसमें भारत में कृषि ऋण को फिर से परिभाषित करने की क्षमता है, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि समय पर और किफ़ायती ऋण उन लोगों तक पहुंचे जिन्हें इसकी सबसे ज़्यादा ज़रूरत है। मौके पर बडी संख्या में लोग मौजूद थे।

# झारखंड उच्च न्यायालय के जज ने बाबा आम्रेश्वर धाम में की पूजा-अर्चना



एजेंसी : रांची

**खूंटी।** झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजय कुमार दिवेदी ने अपनी धर्म पत्नी के साथ शुक्रवार को बाबा आम्रेश्वर में पूजा-अर्चना की। अंगराबारी पहुंचने पर बाबा आम्रेश्वर धाम प्रबंध समिति के महामंत्री मनोज कुमार ने अंग वस्त्र देकर उनका स्वागत किया। बाबा मंदिर के पुजारी पंडित हरिहर कर ने विधि-विधान से पूजा अनष्ठान संपन्न कराये। बाद में न्यायाधीश ने बाबा आम्रेश्वर धाम स्थित सभी मंदिरों में घूम घूम कर पूजा की। प्रबंध समिति के महामंत्री ने जज को बाबा आम्रेश्वर धाम का प्रतीक चिह्न भेंट की।। मौके पर खूंटी के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रसिकेश कुमार, खूंटी के उपायुक्त लोकेश मिश्रा, कार्यपालक दंडाधिकारी विपिन चन्द्र विश्वास, मुरहू के अंचलाधिकारी शंकर विद्यार्थी आदि उपस्थित थे।

श्रमबिन्दु

**सुविचार**

**पैरों से कांटा निकल जाए तो चलने में मज़ा आता है, और मन से अहंकार निकल जाए तो जीवन जिने में मज़ा आता है।**

**ट्वीट**

आज लोगों में पोषण को लेकर काफी जागरूकता बढ़ी है। इसलिए, बागवानी, डेयरी और फिशरी प्रोडक्ट्स की बढ़ती मांग को देखते हुए इन सेक्टर्स में काफी इंवेस्टमेंट किया गया है। फल और सब्जियों का उत्पादन बढ़ाने के लिए अनेक कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं।

-नरेन्द्र मोदी



सूरत के कपड़ा बाजार में भीषण आग से सैकड़ों राजस्थानी व्यापारियों को भारी नुक़सान एवं उनकी आजीविका पर संकट होना अत्यंत पीड़ादायक है। मेरा राजस्थान सरकार से आग्रह है कि गुजरात में व्यापार कर रहे राजस्थानी हमारे ही परिवार का हिस्सा हैं।

-गोविंद सिंह डोटासरा



## कहानी

# एक दिन



जून निकल रहा है और मेरी बेचैनी बढ़ने लगी है। हर साल इन दिनों यही होता है। आखिरकार इन्हीं दिनों उच्च शिक्षा में तबादले जो होने होते हैं। पता नहीं मैं इतना क्यों घबराती हूँ, तबादलों से... या कि किसी भी तरह के बदलाव मुझे असहज कर देते हैं? क्या उम्र बढ़ने पर ऐसा ही होने लगता है? सौम्य से मैं इस तरह की चर्चा नहीं कर सकती हूँ, ऐसा कहते ही वे मुझे झिड़केंगे... क्या हमेशा उम्र-उम्र की बात करती हो? मुझे नहीं पता था, तुम इन सबको लेकर इतनी कांशस होओगी।

यदि पता होता तो...- मैं माहौल हल्का करने की गरज से चिढ़ाती हूँ, लेकिन देखती हूँ कि सौम्य जरा भी नर्म होने के लिए तैयार नहीं हैं - पता होता तो तुमसे शादी करने से पहले सोचता। तुम अपनी उम्र के बारे में कहती हो, तो क्या मुझे नहीं लगता है? यार 35 कोई उम्र होती है?

फिर खुद ही थोड़ा फ्लर्ट करते हैं - तुम्हें कौन कहेगा कि तुम 35 की हो और तुम्हारा 10 साल का बेटा है... यदि हम तुम्हारे साथ न हो तो कोई भी तुमसे शादी करने के बारे में सोच सकता है।

चलो-चलो रहने दो... कुछ कहो तो थोड़ा रिजनेबल होकर तो कहो... ज्यादा मक्खन पॉलिश अच्छी नहीं लगती है। - अबके मैं थोड़ी झिड़की और थोड़ी सुलह का संकेत देती हूँ। वैसे सौम्य कुछ गलत भी नहीं कहते हैं। क्या मैं देख नहीं पाती हूँ, अपने साथ काम करती महिलाओं की आँखों में उतर आती ईर्ष्या, पुरुषों की जबान से गिरने-गिरने को होती प्रशंसा और आँखों से टपकती... जाने भी दो... ऋचा हमेशा कहतीं है, दीदी आपकी आँखों की गंभीरता से ही सब कुछ ठीक रहता है, नहीं तो...!

नहीं तो... क्या? तू आजकल बहुत बोलने लगी है। - मैं उसे झूठमूठ ही धमकाती हूँ।

हाँ ठीक ही तो हैं, 35 कोई उम्र होती है। अब ऋषभ यदि 10 साल का हो गया है, तो इसका ये मतलब तो नहीं कि मैं बूढ़ी हो गई हूँ।

खैर, तो शायद डर घर के डिस्टर्ब हो जाने का होता होगा। या फिर खुद के अकेले रहने का या फिर... पता नहीं क्या... लेकिन बस बेचैनी है तो है...। सौम्य के सामने अपनी बेचैनी का पता दो तो, सीधे ही सुझाव मिलेगा, ऐसा होगा, तब देखेंगे... छुट्टी ले लेना...। अब खुद तो 10 घंटे काम करते हैं, ऋषभ भी स्कूल जाता है, मैं घर में करूँ क्या? वो तो पूछेंगे, बाकी औरतें क्या करती हैं?

बहुत तो समझते हैं, फिर भी बहुत कुछ बाकी है। अब मैं घर-गृहस्थी, साड़ी-गहने और सास-ननद की बातें करने के लिए किसी किटी क्लब की सदस्य नहीं बन सकती। पढ़ना भी तब ही हो पाता है, जब थोड़ा-थोड़ा कर पढ़ो। जिस दिन यूँ लगे कि अब पढ़ना ही पढ़ना है तो... किताबों से ही कोफ्त होने लगे। जब दिनभर ही फुर्सत हो तो घर का काम भी करने में मन नहीं लगता। फिर हर दिन के कामकाज के अतिरिक्त घर में ज्यादा काम साफ-सफाई का ही रहता है, अब ये तो नहीं हो सकता ना कि कल ही साफ कर जमाई अलमारी को आज फिर बिखेरूँ और फिर जमाऊँ... ये बेगारी होने से तो रही... लेकिन सौम्य समझेंगे ये सब...? तो फिर क्या करूँ?

अब जब तक अंतिम रूप से ट्रांसफर लिस्ट आउट नहीं हो जाती है, इसे तो सहना ही है। कॉलेज शुरू हो तो अरुण को फोन करूँ। उसे फोन करो तो वह भी यही कहेगा... दीदी, लिस्ट आने तो दो, मैं सब सँभाल लूँगा। तो फिर क्या करूँ? सहना ही होगा... बस आधी रात को खुली नींद में यही उधेड़बुन चल रही थी। ऋषभ थोड़ा कुनमुनाया तो उसकी पीठ पर हाथ रखा। थोड़ी देर उसी असमंजस में बैठी रही। फिर धीरे से चादर हटाई और स्लीपर में पैर फँसा कर बहुत हौले-से कमरे का दरवाजा खोला और बाहर निकल आई। जून खत्म होने पर है, मौसम बदल रहा है। चार दिन से थोड़ा-थोड़ा रुक-रुक कर पानी बरस रहा है। आज दिन में ही थोड़ी धूप निकली थी, लेकिन शाम होते-होते बादलों की आवाजाही शुरू हो गई। आखिर आषाढ़ भी आधा निकल गया है। बाहर बूँदाबाँदी हो रही थी। बॉलकनी में कुर्सी लगाकर बैठ गई, यहाँ आकर थोड़े सुकून का अहसास हो रहा था, बेचैनी थोड़ी कम हुई थी। पता नहीं कितनी देर यूँ ही बैठी रही थी, जब सौम्य ढूँढ़ते हुए बाहर आए तब इस बात पर ध्यान गया कि फुहारें तेज बारिश में बदल चुकी है।

क्या हुआ? यहाँ क्यों बैठी हो? नींद नहीं आ रही है क्या? - सौम्य ने चिंतित होकर पूछा।

कुछ नहीं दिन में फुर्सत होती है तो सो लेती हूँ, फिर रात में गहरी नींद नहीं आ पाती है। बहुत देर से जाग रही थी, बारिश की आवाज सुनी तो बाहर आ गई। - मैंने उन्हें समझाते हुए कहा।

पिछले साल राखी पर माँ का दिलाया हुआ ग्रीन लहरिया पहना था। अपने ड्रेसिंग टेबल के ड्रॉवर में बिंदी वाले खाने में बहुत ढूँढ़ने के बाद मुझे कलर्ड बिंदी का पत्ता मिला था। बाल धुले हुए थे, तो यूँ ही कंघी कर ली थी। यूँ कंधे से थोड़ा नीचे उतरते बालों को भी खुला रखना मुझे सुविधाजनक नहीं लगता है, झटपट पोनी बाँध लेती हूँ। हाँ जिस दिन बाल धुले हो तो सूखने के लिए खुले छोड़ने पड़ते हैं, फिर भी सूखे नहीं कि तुरंत बाँध लेती हूँ... यूँ लगता है कि आजादी बाधित होती है। पता नहीं क्यों मन हुआ कि आज ग्रीन बिंदी ही लगाऊँ, इसलिए बहुत मशक्कत करके ढूँढ़ी। बिंदी लगाकर खुद को आईने में देखा तो लगा कुछ ज्यादा हो रहा है। मैं कॉलेज जा रही हूँ, कहीं शादी या किसी फंक्शन में नहीं। पता नहीं क्यों अपने दिखने को लेकर मैं थोड़ी ज्यादा ही कांशस रहती हूँ। कोई नोटिस न करें, तो लगता है कि बच गए... लेकिन जरा-सा भी नोटिस की गई तो दिन भर कुछ अटका-सा लगता है। इसलिए कपड़ों के रंगों को छोड़कर खुद पर और कुछ भी अतिरिक्त लगने नहीं देती हूँ। तो फिर हरे रंग की बिंदी हटाकर वही ब्राउन बिंदी लगाई और निकल पड़ी। आज कॉलेज का पहला दिन जो है। दिन भर एडमिशन की सरगर्मी रही। इसके बीच में ही समय निकाल कर छुट्टियाँ कैसे गुज़री इस पर भी बातचीत होती रही। फिर बातचीत आकर उसी असुविधाजनक विषय पर रुक गई... ट्रांसफर...। इस बार कॉलेज में ट्रांसफर का डर मेरे साथ-साथ ऋचा, मिसेस गुप्ता और महावीर जैन को भी है, हम चारों को ही इस कॉलेज में तीन साल से ज्यादा हो चुके हैं। मुझे एक राहत ये लगी कि चलो हम सारे एक ही कश्ती के मुसाफिर हैं।

जबसे सुना है कि लिस्ट तैयार हो गई, तब से पता नहीं कैसी तो टूटी-टूटी-सी नींद आती है और रात भर उटपटाँग सपने आते रहते हैं। आज तो हेडक्लर्क चौरसिया ने बताया कि लिस्ट आज रात को या फिर कल तो पक्के में निकल ही आएगी। हे भगवान, हे भगवान चौबीसों घंटे लगी रहती है। रात को जैसे ही लिस्ट निकली जिसका डर था वही हुआ। ट्रांसफर की खबर सुनते ही दिल बैठ गया। सौम्य ने सुना तो वो भी थोड़े परेशान दिखाई दिए।

अरुण को फोन करता हूँ। तुम तो छुट्टी की एप्लीकेशन दे दो। - सौम्य ने कहा।

अरे! अब आज तो रुको, कल करेंगे। उसे भी जो करना होगा, वो कल ही कर पाएगा ना... अब नौकरी कर रहे हैं तो इन चीजों से घबराने से क्या फायदा? फिर कोई दूर तो है नहीं, अरुण जिम्मेदारी से कर ही देगा, ज्यादा मुश्किल आएगी तो फिर सोचेंगे छुट्टी लेने के लिए... - मैं सौम्य को समझा रही हूँ, या खुद को... खुद ही समझ नहीं पा रही हूँ। सुबह अरुण को फोन किया तो उसने कहा - मुझे पता है दीदी। मैं कोशिश कर रहा हूँ और हो जाएगा। आप चिंता मत करो, मुझ पर विश्वास करो। लेकिन मैं क्या करूँ ज्वाइन करूँ या न करूँ? - मैंने बहुत हताश होकर अरुण से पूछा।

ज्वाइन तो कर ही लें, यूँ भी दूर ही कितना है? कुल 45 मिनट का तो रास्ता है। अब क्या है कि सरकारी काम है, आप तो जानती ही हैं। - उसने बात समेटी।

आखिरकार नए कॉलेज को ज्वाइन कर ही लिया। ऋचा का भी ट्रांसफर हुआ है, वो भी अप-डाउन कर रही है। हम दोनों साथ ही ट्रेन पकड़ते हैं, मैं पहले उतरती हूँ, उसे आधा घंटा और लगता है। धीरे-धीरे और भी अप-डाउनर्स से मुलाकात होती चली गई। कुछ तो कॉलेज का ही स्टाफ है खुद प्रिंसिपल भी हमारे साथ ही अप-डाउन करते हैं। कुछ बैंक में काम करने वाली लड़कियाँ हैं। कुल मिलाकर एकाध महिला ही मेरी उम्र की है, बाकी चारों-पाँचों 24-26 साल की उम्र की लड़कियाँ है। वैसे ज्यादा असुविधा नहीं है। बस समय साधना पड़ता है, डेढ़ घंटे का समय एडजस्ट करने में शुरुआत में थोड़ी मुश्किल आई थी, धीरे-धीरे सब ठीक हो गया। समय को बचाने की गरज से साड़ी को तिलांजलि दे दी। सलवार-कमीज पहनने लगी, 10 मिनट भी बचते हैं तो कितनी राहत हो जाती है, ये सिर्फ अप-डाउन करने वाली शादीशुदा महिला ही समझ सकती है। महीना भर हो गया अप-डाउन करते हुए... हर तीन-चार दिन में मैं या सौम्य अरुण को फोन लगा लेते हैं। कल रात को ही उससे बात हुई तो उसने दिलासा दिया और बताया कि - पैसा भी दे दिया है। मतलब अब आप निश्चिंत हो सकते हैं।

बस इसी निश्चिंतता में रात बड़ी गहरी नींद आई और सुबह 15 मिनट देर से नींद खुली। बहुत हड़बड़ी में नहा कर बाहर आई और रेलवे स्टेशन फोन लगाया तो एक राहत की खबर मिली कि ट्रेन आधा घंटा लेट है, चलो थोड़ा इत्मिनान है। जब स्टेशन पर पहुँची तो पता चला कि ट्रेन डेढ़ घंटा लेट हो गई है। सबको ही अपने-अपने दफ्तर लेट हो जाने की चिंता थी, लेकिन हम तो निश्चिंत थे, आखिर प्रिंसिपल जो हमारे साथ हैं। अब जिन्हें लेट होने की चिंता हो रही है, वे भी कर क्या सकते हैं? ट्रेन तो जब आएगी, तब ही आएगी ना...! एक-एक कर सारी महिलाएँ इकट्ठा हो गईं, महिला वेटिंग रूम में तो पैर रखने की भी जगह नहीं है, जंक्शन है तो यहाँ कई मुसाफिर अपने गंतव्य के लिए गाड़ियाँ बदलते हैं, इसलिए रातभर सफर कर अगली ट्रेन का इंतजार करती महिलाओं से पूरा वेटिंग रूम भरा हुआ है... हर तरफ बेतरतीबी से पड़ा सामान और जैसी जगह हो, उसी में खुद को एडजस्ट करके ऊँघती महिलाओं को अंदर ही छोड़कर हम सभी बाहर आ गए।

बैंच पर बैठ कर सारे बातों में मशगूल थे। बहुत देर से किसी के गाने की आवाज आ रही थी आश्चर्य है कि किसी ने भी इस पर ध्यान नहीं दिया। ध्यान तो मेरा भी नहीं गया था, ये तो बाद में एक छोटी-सी घटना से रिकॉल हुआ। जैसे ही ट्रेन के आने का अनाउंसमेंट हुआ, हम सभी ने अपनी-अपनी सीट छोड़ दी। जहाँ हम जाकर खड़े हुए वहाँ फिर उसी तरह से गाने की आवाज आती रही और फिर आश्चर्य कि... हममें से किसी ने भी इस बात पर ध्यान नहीं दिया। आखिरकार पूरे प्लेटफार्म को कँपाती हुई धड़धड़ाती ट्रेन आ पहुँची। किसी भी तरह के खतरे का कोई सिग्नल नहीं मिला तो सभी रिजर्वेशन के डिब्बे में चढ़ गए। साढ़े दस बज चुके थे, कुछ यात्री बाकायदा जागकर नाश्ता कर रहे थे, तो कुछ सो ही रहे थे। हमें जहाँ जगह मिली वहाँ उपर की दोनों बर्थ पर लोग नींद निकाल रहे थे, सो नीचे की एक-एक सीट तो यूँ भी खाली मिल गईं थीं। फिर थोड़ा-थोड़ा सबने एडजस्ट किया तो दो के बैठने की और व्यवस्था हो गईं। सामने की बगल वाली सीट पर बैठी महिलाओं ने भी थोड़ी सहृदयता दिखाई... इस तरह से हम सभी एक ही कंपार्टमेंट में इकट्ठा हो गईं। मेरी सीट पर सबसे पहले शर्मिला बैठी थी, उसके बाद मैं। ट्रेन अभी भी रुकी हुई थी, जब सारे लोग ठीक से सैटल हो गए तो मेरा ध्यान बाहर की तरफ गया। वहाँ एक 22-24 साल का लड़का खड़ा था, वो लगातार हमारे ही कंपार्टमेंट में देख रहा था, जैसे ही मेरी नजर उधर गई, उसने इशारे से मुझे बताया कि मैं अच्छी लग रही हूँ... मैं एकाएक चौंकी... मैंने शर्मिला की तरफ देखा, लेकिन वो सामने बैठी ऋचा से बातों में मशगूल थी। फिर मैंने ऋचा के पास बैठी अनुभूति की तरफ देखा तो उसने तो बाकायदा आँखें मूँद रखी थी। मैंने फिर से धड़कते दिल से बाहर की तरफ देखा, वो अब भी वहीं खड़ा था, उसने फिर से मुझे वैसा ही इशारा किया... मेरी धड़कनें बेकाबू हो गईं... मैंने चोर निगाहों से एक बार फिर अपने आसपास देखा, चाहा कि बाहर की ओर नहीं देखूँ, लेकिन फिर भी निगाह चली गई, वो अब भी वहीं खड़ा था। अब गाड़ी धीरे-धीरे आगे बढ़ने लगी थी, वो थोड़ी दूर तक खिड़की के साथ-साथ दौड़ता दिखा, फिर से उसने वैसा ही इशारा किया... गाड़ी तेज हो गई और वो वहीं छूट गया।

मैं एकाएक असहज हो गई, आमतौर पर मैं सबकी बातों में शामिल होती हूँ, लेकिन आज मुझे खुद भी पता नहीं कि मैं कहाँ हूँ। मुझे प्लेटफार्म पर आ रही गाने की आवाज की याद आ गई। गाड़ी पहुँचने वाली थी, लेकिन मैं बहुत कोशिश करके भी सहज नहीं हो पा रही थी। मैंने खुद को बहुत झिड़का... मैं उस लड़के की उम्र के बच्चों को पढ़ाती हूँ... अब कोई मेरी उम्र भी 20-22 साल नहीं है। खुद को ये कहकर भी समझाया कि हो सकता हो, वो शर्मिला के लिए खड़ा हो और... लेकिन फिर मैं खुद से ही तर्क करती हूँ कि फिर उसने मुझे क्यों इशारा किया...? पूरा दिन मेरा होना, मेरे सामने ही नहीं खुला... दिन एक तरंग... एक नशे-की-सी हालत में गुजरा... हाँ खुद को झिड़कना भी दिन भर जारी रहा। शाम को जब फिर से उसी प्लेटफार्म पर उतरीं तो लगा जैसे यहाँ सब कुछ बदला हुआ है। हर दिन की तरह घर भागने की जल्दी मुझे महसूस नहीं हुई। एक बार बहुत सतर्क नजरों से पूरे प्लेटफार्म का निरीक्षण किया... पता था कि अब यहाँ कुछ भी नहीं होगा, लेकिन... खुद से पूछ भी रही हूँ कि ये क्या बचपना है...? यूँ ऐसे नई-नई हुई जवान लड़की की तरह छुईमुई होने की तो कोई वजह नहीं थी... मगर कुछ तो था ही...। गाड़ी निकाल कर जब घर की तरफ बढ़ी तो अग्रवाल मिष्ठान्न पर बाहर रखे बड़े से कड़ाह की चाशनी में तैरते गर्मागर्म गुलाबजामुन दिखे... यूँ कभी भी रुक कर कुछ खरीदती नहीं हूँ, लेकिन आज... रुक कर आधा किलो गुलाबजामुन बँधवाए।

घर पहुँची और चेंज कर लौटी तब तक सौम्य चाय बना चुके थे, मैं गर्म गुलाबजामुन बाउल में रख रही थी कि फोन बजा। सौम्य चाय लेकर जा चुके थे, ऋषभ भी वहीं था, इसलिए इत्मीनान था कि कोई-न-कोई फोन तो उठा ही लेगा। मैंने नमकीन निकाला और सारे सामान को ट्रे में सजा रही थी कि सौम्य ने अंदर आकर खुशखबरी सुनाई - अरुण का फोन है, तुम्हारा ट्रांसफर रुक गया है... । पता नहीं कैसे गुलाबजामुन का बाउल मेरे हाथ से छूट गया... गुलाबजामुन लुढ़के और बाउल टूट कर पूरे किचन में बिखर गया... मैं उस बिखरेपन को एकटक देख रही थी और मेरे अनजाने ही आँसू उमड़ आए थे... सौम्य ने मेरे सिर को प्यार से थपथपाया... कोई बात नहीं... इसमें रोने की क्या बात है? चलो तुम बाहर जाओ... मैं सब ठीक कर देता हूँ... मैं धुँधलाई आँखों से कभी सौम्य को तो कभी उस बिखरेपन को अवाक होकर देख रही थी।

(-'हिन्दीसमय' से साभार)

## संजय उवाच



# साक्षर

बालकनी से देख रहा हूँ कि सड़क पार खड़े, हरी पत्तियों से लकदक पेड़ पर कुछ पीली पत्तियाँ भी हैं। इस पीलेपन से हरे की आभा में उठाव आ गया है, पेड़ की छवि में समग्रता का भाव आ गया है। रंगसिद्धांत के अनुसार नीला और पीला मिलकर बनता है हरा..। वनस्पतिशास्त्र बताता है कि हरा रंग अमूनन युवा और युवतर पत्तियों का होता है। पकी हुई पत्तियों का रंग सामान्यत: पीला होता है। नवजात पत्तियों के हरेपन में पीले की मात्रा अधिक होती है।

पीले और हरे से बना दृश्य मोहक है। परिवार में युवा और बुजुर्ग की रंगछटा भी इसी भूमिका की वाहक होती है। एक के बिना दूसरे की आभा फीकी पड़ने लगती है। अतीत के बिना वर्तमान शोभता नहीं और भविष्य तो होता ही नहीं। नवजात हरे में अधिक पीलापन बचपन और बुढ़ापा के बीच अनन्य सूत्र दर्शाता है। इस सूत्र पर अपनी कविता स्मरण हो आती है-

पुराने पत्तों पर नयी ओस उतरती है,
अतीत का चक्र वर्तमान में ढलता है,
सृष्टि यौवन का स्वागत करती है,
अनुभव की लाठी लिए बुढ़ापा साथ चलता है।

प्रकृति पग-पग पर जीवन के सूत्र पढ़ाती है। हम देखते तो हैं पर बाँचते नहीं। जो प्रकृति के सूत्र बाँच सका, विश्वास करना वही अपने समय का सबसे बड़ा साक्षर और साधक भी हुआ।

## बोध कथा

# भूतनी का घर

बहादुरगढ़ नाम के शहर में एक बेहद पुराना घर था। उस घर को सब लोग भूतिया और अपशकुनी कहते थे, क्योंकि जो भी वहां रहने आता उनकी किसी न किसी कारण से मृत्यु हो जाती। इसलिए वो घर खरीदने के लिए कोई भी तैयार नहीं होता था। एक बार विजय नाम के शख्स ने उस घर को बहुत ही सस्ते दाम में खरीद लेता है और अपने बेटे मोनू के साथ सारा सामान लेकर वहां रहने आ जाता है। घर में शिफ्ट होने के 1-2 दिन में ही विजय को अपने आसपास अजीबो-गरीब घटनाएं घटित होने का एहसास होने लगा। पहले तो वह इसे नजरअंदाज करता रहा, लेकिन जब उसे घर में किसी की मौजूदगी का एहसास होने लगा तो वह सतर्क हो गया।

एक दिन मोनू दौड़ता हुआ विजय के पास आया और कहने लगा कि वॉशरूम में पानी अचानक बंद हो गया और उसने वहां सफेद कपड़े में एक औरत को देखा। इतना कहते-कहते मोनू अचानक चुप हो गया और विजय की ओर उंगली दिखाते हुए कहने लगा, पापा, वो औरत आपके पीछे खड़ी है। इतना कहकर मोनू ने डर से चीखने लगा। विजय मोनू को गोद में उठा कर उसी वक्त घर से बाहर निकल गया।

मोनू बहुत सहम गया था तो उसका डर भगाने के लिए विजय ने उसके लिए एक कुत्ता खरीदा और उसे साथ लेकर तीनों घर वापस आ गए। एक रात बहुत तेज बरसात में जब अचानक घर की बिजली चली गई। विजय ने घर से झांक कर देखा तो आसपास के सभी घरों में बिजली थी सिवाय उनके घर के तो उसे लगा की जरूर पावर सप्लाई में कुछ गड़बड़ी हुई होगी।

इतने में विजय को मोनू के जोर से चिल्लाने की आवाज आती है। विजय दौड़ता हुआ टॉर्च लेकर उसके पास जाता है। मोनू को दोबारा से घर में वह औरत दिखाई देती है। मोनू को सहमा देखकर विजय उसे अपने साथ बिजली ठीक करने के लिए पावर हाउस ले जाता है। उनका कुत्ता भी यहां-वहां देखते हुए जोर-जोर से भौंकने लगता है। विजय को आभास होता है कि कोई उनके पीछे-पीछे आ रहा है।

पावर हाउस का दरवाजा खोलते ही विजय को सामने एक लाश दिखाई देती है। लाश देखकर मोनू भी डर के मारे चिल्लाने लगता है। विजय अपने बेटे को लेकर तुरंत दरवाजा खोलकर घर से बाहर भागने की कोशिश करने लगता है। घर से बाहर निकलते हुए अचानक विजय का पांव दरवाजे के पास बनी लकड़ियों की सीढ़ियों में फंस जाता और बहुत कोशिश करने पर भी वह पांव बाहर नहीं निकाल पाता।

मोनू अपने पापा को बाहर खींचने की कोशिश करता है, लेकिन काफी प्रयास करने पर भी वह विजय को बाहर नहीं निकाल पाता। कोई उपाय न सुझने पर मोनू अपने कुत्ते को लेकर वापस घर के अंदर चला जाता है और दरवाजा खुद ब खुद बंद हो जाता है।

वहां विजय भी करीब 15 मिनट तक मशक्कत करने के बाद अपना पांव बाहर निकालने में सफल हो जाता है। विजय दौड़ता हुआ घर के अंदर जाता है और चारों ओर मोनू की तलाश करता है, लेकिन उसे ना तो मोनू और ना ही कुत्ते का कुछ पता चल पाता है। बहुत ढूंढने पर भी जब दोनों नहीं मिलते, तो विजय हार मान लेता है और उनके दोबारा मिलने की आस में वहीं रहने लगता है।

कुछ दिन बाद विजय बिजली की लाइन को ठीक करने के लिए एक इलेक्ट्रिशियन को बुलाता है, लेकिन घर में दाखिल होने से पहले ही वह दरवाजे से ही उल्टे पैर भाग जाता है। विजय के पूछने पर वह कहता है कि आपके घर में एक औरत, एक बच्चा और एक कुत्ते का भूत दिखाई दे रहा है। इलेक्ट्रिशियन की बात सुनकर विजय उदास हो जाता है। उसे एहसास हो जाता है कि अब उसका बेटा कभी लौटकर नहीं आएगा, जिसके बाद विजय वह घर छोड़कर चला जाता है और कभी लौटकर नहीं आता।

**कहानी से सीख :**

किसी भी चीज पर अपना समय व धन निवेश करने से पहले जांच पड़ताल कर लेनी चाहिए



## वीर गाथा

# ले. नरेंद्र मायेकर: लहूलुहान होकर भी किया कई उग्रवादियों का खात्मा, कर्तव्य के लिए हुए बलिदान



लेफ्टिनेंट नरेंद्र मायेकर का जन्म गोवा के वास्को डी गामा में हुआ था। माता भागीरथी देवी और पिता आत्माराम के बहादुर बेटे नरेंद्र कॉलेज की पढ़ाई पूरी करने के बाद भारतीय सेना में भर्ती हो गए थे। उन्हें ईएमई कोर में कमीशन दिया गया था।

नरेंद्र को प्रशिक्षण पूरा करने के बाद उत्तर पूर्व में तैनात किया गया। उन्हें 11 सिक्ख इंफैंट्री बटालियन में नियुक्त किया गया था। लेफ्टिनेंट नरेंद्र फरवरी 2000 में असम में तैनात थे। उनकी यूनिट का इलाका उग्रवाद से प्रभावित था। इसके मद्देनजर यूनिट के जवान लगातार ऑपरेशन चला रहे थे।

इसके तहत यूनिट ने उग्रवादियों की संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए नियमित गश्त शुरू की थी। 26 फरवरी को यूनिट को अपने खुफिया सूत्रों से सूचना मिली। उसका विश्लेषण करने के बाद उग्रवादियों के एक ठिकाने पर हमला करने की योजना बनाई गई। यह जिम्मेदारी नरेंद्र को सौंपी गई।

लेफ्टिनेंट नरेंद्र योजना के अनुसार अपने सैनिकों के साथ बागरीगुड़ी गांव स्थित उस संदिग्ध इलाके में पहुंच गए और घेराबंदी अभियान शुरू कर दिया। जब उन्होंने उग्रवादियों को चुनौती दी तो उन पर गोलीबारी हुई। इसके जवाब में सैनिकों ने भी गोलीबारी की। नरेंद्र उस कार्रवाई का नेतृत्व करते हुए उग्रवादियों के ठिकाने की ओर तेजी से बढ़ रहे थे। इस दौरान उन्हें कई गोलियां लगीं और वे गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बावजूद उन्होंने हमला जारी रखा, सैनिकों को आदेश देते रहे और कई उग्रवादियों का खात्मा कर दिया। लेफ्टिनेंट नरेंद्र का काफी खून बह गया था, लेकिन उन्होंने तब तक वहां से जाने से इन्कार कर दिया, जब तक कि सभी उग्रवादी मारे नहीं जाते। बहादुर सैनिक, दृढ़ निश्चयी अधिकारी लेफ्टिनेंट नरेंद्र मायेकर अपने कर्तव्य के लिए बलिदान हो गए। उन्हें 'कीर्ति चक्र' से सम्मानित किया गया।

न्यूज़ अपडेट

## प्रखंड स्तर पर आयोजित जनता दरबार में प्राप्त आवेदनों की वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से डीसी ने की समीक्षा



**दुमका।** डीसी दुमका आंजनेयुलु दोड्डे की अध्यक्षता में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रखंड स्तर पर आयोजित होने वाले जनता दरबार में प्राप्त आवेदनों की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में डीसी ने सभी प्रखंड से प्राप्त शिकायतों एवं उनके निष्पादन की विभागवार समीक्षा की।

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि प्रखंड स्तर पर प्राप्त शिकायतों पर तुरंत संज्ञान लें तथा शिकायत के निष्पादन की सूचना शिकायतकर्ता को उपलब्ध कराए। कहा कि प्राप्त आवेदनों की वर्तमान स्थिति की जानकारी निर्धारित वेब पोर्टल पर अपडेट रखें ताकि शिकायतकर्ता अपने आवेदन की स्थिति की जानकारी ले सकेंगे।

डीसी ने अबुआ आवास योजना के लंबित मामलों की जानकारी ली एवं शिकायतों के निष्पादन में तेजी लाते हुए सभी सुयोग्य लाभूको को योजना का लाभ मिले इसको लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इसी क्रम में आपूर्ति विभाग, सामाजिक सुरक्षा सहित अन्य विभागों से संबंधित प्राप्त आवेदन की भी समीक्षा की गई।

बैठक में डीडीसी, जिले के सभी विभाग के विभाग प्रधान, सभी बीडीओ व सीओ सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## विभिन्न गाँवों में संचालित झारखण्ड जलछाजन योजना का उप विकास आयुक्त ने किया निरीक्षण



**दुमका।** दुमका प्रखंड अंतर्गत विभिन्न गाँवों में संचालित झारखण्ड जलछाजन योजना का उप विकास आयुक्त दुमका अभिजीत सिन्हा ने दिन शनिवार को
निरीक्षण किया। दुमका प्रखंड के पंचायत- घासीपुर अन्तर्गत ग्राम चापुड़िया में निर्मित ड्रम चेक डैम का निरीक्षण के क्रम में योजना स्थल पर योजना-पट्ट लगाने का उन्होंने निदेश दिया। चेक डैम की फिनिशिंग कार्य गुणवत्ता पूर्ण ढ़ग से सम्पन्न कराने का निदेश दिया। निरीक्षण के दौरान कनीय अभियंता अनुपस्थित पाये गये जिनका दिन शनिवार का मानदेय कटौती करने एवं अगले आदेश तक मानदेय भुगतान पर रोक लगाने का निदेश उन्होंने दिया।

उप विकास आयुक्त ने झारखण्ड जलछाजन योजना अन्तर्गत प्रखण्ड-दुमका के ग्राम-धमना में निर्मित अर्देन चेक डैम (अर्थन चेक डेम) ग्राम चापुड़िया में निर्मित लूज बोल्डर स्ट्रक्चर एवं प्रक्रियाधीन कार्यों का विडियो बनाकर कार्यालय में दिखाने का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि कार्य गुणवर्त्तापूर्ण नहीं होने की स्थिति में भुगतान की राशि में कटौती की जाएगी साथ हीं संबंधित एजेंसी के विरूद्ध नियमसंगत कार्रवाई की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त के साथ जिला तकनीकी विशेषज्ञ श्री जितेन माल पहाड़िया उपस्थित थे।

## डॉ. यू एस आनंद को आनंद शंकर माधवन साहित्य रत्न सम्मान



**दुमका।** जाने-माने साहित्यकार, कवि और राष्ट्रीय हिंदी मासिक पत्रिका 'अपूर्वा' के संपादक डॉ. यू एस आनंद को आनंद शंकर माधवन साहित्य रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर शुक्रवार की देर शाम मंदार विद्यापीठ के अद्वैत मिशन प्रांगण में माधवन स्मृति भवन का शुभारंभ और राष्ट्रीय कवि सम्मेलन सह सम्मान समारोह आयोजित हुआ।

फरवरी की अंतिम ठंड के बीच साहित्य मनीषी आनंद शंकर माधवन के जन्मोत्सव पर यह आयोजन देर रात तक चला। देश के जनप्रिय कवियों और कवयित्रियों ने कविता पाठ कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर डॉ. यू एस आनंद को प्रशस्ति पत्र और 51 हजार रुपये की सम्मान राशि प्रदान की गई।

कार्यक्रम की शुरुआत से पहले स्वामी आगमानंद महाराज ने माधवन स्मृति भवन का उद्घाटन किया। मंदार पर्वत के नीचे एक छोटी सी झोपड़ी से दक्षिण भारत के संत ने हिंदी साहित्य की साधना में अपना जीवन समर्पित कर दिया था।

दशकों पहले उन्होंने बौसी मंदार क्षेत्र में शिक्षा और हिंदी के प्रचार-प्रसार का सपना देखा था, जो अब साकार हो रहा है। अद्वैत मिशन विश्वविद्यालय का स्वरूप लेने की ओर अग्रसर है। जहां उन्होंने साहित्य साधना के लिए देह त्याग दी, उस स्थल को संग्रहालय के रूप में आम लोगों के लिए खोल दिया गया।

स्वामी आगमानंद ने दीप जलाकर माधवन स्मृति भवन का उद्घाटन किया। भवन के मुख्य द्वार पर माधवन का विशाल चित्र देख सभी की आंखें नम हो गईं।

स्मृति भवन में साहित्य ऋषि आनंद शंकर माधवन की उपयोग की गई वस्तुएं रखी गई हैं।

उनकी समस्त पुस्तकें और रचनाएं यहां संजोई गई हैं। उनके लिखे शब्द किसी मंत्र से कम नहीं हैं।

इस मौके पर कई साहित्यकारों और विद्वानों ने उनके साथ बिताए पलों को याद किया। भावनाओं को व्यक्त करते हुए स्वामी आगमानंद की आंखें भर आईं।

इस अवसर पर अद्वैत मिशन के सचिव अरविन्दाक्षण माडम्बथ, 'अपूर्वा' के संपादक डॉ. यू एस आनंद और साहित्यकार अचल भारती की भी आंखें नम हो गईं। अद्वैत मिशन परिवार की ओर से स्मृति भवन के निर्माण और रखरखाव से जुड़ी सभी जानकारियां साझा की गईं।

# मोटर एक्सीडेंट क्लेम ट्रिब्यूनल के मद्देनजर डालसा के तत्वावधान में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**दुमका।**




प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, दुमका, संजय कुमार चन्द्धरियावी के निर्देशानुसार दिन शनिवार को न्याय सदन स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकार दुमका में जिला स्तरीय मोटर एक्सीडेंट क्लेम ट्रिब्यूनल पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में आयोजित कार्यशाला का उदघाटन जिला जज प्रथम रमेश चंद्र, जिला जज द्वितीय प्रकाश झा, जिला जज चतुर्थ धर्मेंद्र कुमार सिंह, जिला जज पंचम शत्रुंजय कुमार सिंह, मुख्य न्यायाधीश दंडाधिकारी अनूप तिर्की, डालसा सचिव उत्तम सागर राणा, दुमका बार एसोसिएशन के अध्यक्ष निशिकांत प्रसाद व मुख्यालय डीएसपी इककुट डुंगडुंग ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

इस अवसर पर व्यवहार न्यायालय, दुमका के सभी न्यायिक दंडाधिकारी उपस्थित थे। कार्यशाला में मोटर दुर्घटना में पीड़ित परिवार को ससमय व उचित मुआवजा दिलाने की प्रक्रिया के प्रावधान और सरलीकरण पर चर्चा हुई। ज़िला जज द्वितीय, प्रकाश झा ने मोटर दुर्घटना कानूनों में वर्ष 2022 में हुए बदलाव का उल्लेख करते हुए कहा कि सड़क दुर्घटना में 30 दिनों के अंदर पुलिस को दुर्घटना से संबंधित कागजात न्यायालय में प्रस्तुत करना है। ऐसा नहीं होने पर कोर्ट को सूचित करना आवशयक है।

उन्होंने युवा थाना प्रभारियों से बेहतर करने की अपेक्षा करते हुए कहा कि पुराने लोंगों से बेहतर आप कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि हर थाना प्रभारी और पुलिस पदाधिकारी का कर्तव्य और कानूनी बाध्यता है। ऐसा नहीं करने पर कानूनी प्रतिबंध्यता और कानूनी घेरे में आ सकते है।

जिला जज प्रथम रमेश चंद्र ने चर्चा को आगे बढ़ाते हुए कहा कि दुर्घटनाग्रस्त वाहनों के कागजातों की डीटीओ से जांच कराना अनिर्वाय है। पुलिस पदाधिकारियों के कर्त्तव्यों को बताते हुए कहा कि दुर्घटना के बाद इंशोरेंस कंपनी को जानकारी देना है और इंशोरेंस कंपनी को ससमय रिपोट सौंपना और वैद्य स्वीकृति देना कार्य है।

मुआवजा राशि पीड़ित को दिलाने में विलंब होने पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि कई ऐसे भी मामले सामने आये हैं जो वर्षो से लंबित हैं। जिसमें केस की वर्तमान स्थिति से गांव के ग्रामीण अवगत नहीं हैं। मुआवजा राशि देने के उद्देश्यों से अवगत कराते हुए कहा कि मुआवजा राशि भुगतान का मुख्य उद्देशय पीड़ित परिवार को रोजगार व जीवनयापन के लिए सहायता राशि मुहैया कराना है।

उन्होंने पदाधिकारियों से कहा कि संकल्प लेकर यहां से जाने की जरूरत है कि पीड़ित परिवार को सही मुआवजा दिलाना सुनिश्चित करें। जो बिना इंशोरेंस कंपनी और पुलिस पदाधिकारी के सहयोग का संभव नहीं हैं। अन्य न्यायिक पदाधिकारी ने भी मोटर एक्सीडेंट क्लेम ट्रिब्यूनल पर विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए अपने विचार व्यक्त किया।

मुख्यालय डीएसपी इककुट डुंगडुंग ने मुआवजा दिलाने में पुलिस पदाधिकारियों को महत्ती भूमिका और कर्त्तव्यों को बता थानाध्यक्षों को अपनी भूमिका कर्त्तव्यनिष्ठा से निभाने की अपील की।

कार्यशाला का नेतृत्व प्राधिकार सचिव उत्तम सागर राणा एवं संचालन एलएडीसी, अंकित कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर चीxफ एलएडीसी, सिकंदर मंडल, डिप्टी चीफ, सरोज कुमार गोन, सहायक, रोबिन कुमार भी उपस्थित थे। कार्यशाला का समापन डालसा सचिव, उत्तम सागर राणा ने आए हुए आगंतुक को धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया ।

# झारखंड सरकार में मंत्री इरफान अंसारी का जिला अधिवक्ता संघ दुमका ने किया स्वागत, अधिवक्ताओं की समस्याओं से कराया अवगत

**दुमका।**



जिला अधिवक्ता संघ, दुमका की ओर से अध्यक्ष निशिकांत प्रसाद, सचिव राकेश कुमार यादव व उपाध्यक्ष कमल किशोर झा सहित संघ के अन्य सदस्यों ने दिन शनिवार को मंत्री स्वास्थ्य विभाग (खाद्य आपूर्ति) एवं आपदा प्रबंधन, झारखंड इरफान अंसारी का जिला अधिवक्ता संघ के कॉन्फ्रेंस हॉल में स्वागत करते हुए प्रैक्टिस के लिए अधिवक्ताओं के बैठने की समस्याओं से उन्हें अवगत कराया तथा संघ के लिए भूमि अधिग्रहण की बातें रखी।

उपरोक्त ने सीएम हेमंत सोरेन तक इस संदेश को पहुंचाने तथा सरकार की ओर से अविलंब इस पर निर्णय का आग्रह किया।

मंत्री इरफान अंसारी ने गंभीरता पूर्वक अधिवक्ताओं की समस्याएँ सुनी तथा खुद के स्तर से भरसक सहायता का आश्वासन दिया। मंत्री ने कहा एसोसिएशन के कुछ लोग राँची पहुँचे ताकि सीएम से प्रत्यक्ष मुलाकात कर अपनी बातें रखें। उन्होंने कहा कि आप सबों के लिए हमेशा हमारा दरवाजा खुला हुआ है। आप सबों के रहने, खाने से लेकर सीएम से भेंट करवाने तक की सारी जिम्मेवारी मेरी होगी। उन्होंने कहा कि जितनी जल्द हो सके आप सभी राँची पहुंचने का निर्णय लें ताकि आपकी समस्याएँ यथाशीघ्र हल हो सके। मंत्री ने कहा खुद के स्तर से वे प्रयास करने से पीछे नहीं हटेंगे।

विदित हो, जिला अधिवक्ता संघ, दुमका को भूमि (जमीन) उपलब्ध कराने से संबंधित अधिवक्ताओं के हस्ताक्षरित पत्र / आवेदन के साथ संघ के अध्यक्ष निशिकांत प्रसाद व सचिव राकेश यादव ने पिछले दिनों मंत्री इरफान अंसारी से मधुपुर स्थित उनके आवास पर मुलाकात कर अधिवक्ताओं की समस्याओं से उन्हें अवगत कराया था। इस अवसर पर अधिवक्ता राजा खान व शमशाद अंसारी भी मौजूद थे।

बार के सदस्यों की बातों को गंभीरता से लेते हुए मंत्री ने बिना किसी विलंब के सूबे के मुख्यमंत्री को इस समस्या से अवगत कराते हुए समस्या के निदान की दिशा में अपने स्तर से प्रयास का अनुरोध किया था। मंत्री ने दुमका के उपायुक्त से फौरी तौर पर फोन पर बात करते हुए भूमि की उपलब्धता से संबंधित अड़चनों की जानकारी प्राप्त की।

संघ की ओर से सचिव ने अधिवक्ताओं की परेशानियों पर कहा कि अपने स्थापना काल से ही दुमका अधिवक्ता संघ मात्र 4 कट्ठा की जमीन पर निर्मित बिल्डिग पर अब तक संचालित है।

यह भी कहा कि बार में अधिवक्ताओं के लगातार एनरोलमेंट से उनके बैठने की परेशानियां लगातार बढ़ती जा रही है। जमीन पर निर्मित भवन में करीब 700 (सात सौ) अधिवक्ताओं के बैठने की कोई मुकम्मल व्यवस्था नहीं है। परिणामस्वरूप सड़क किनारे बैठकर ही अधिवक्ताओं को अपने अपने न्यायिक कार्यों का संपादन करना पड़ता है। उपरोक्त ने कहा कि गर्मी, बरसात व ठंड के मौसम में अधिवक्ताओं को व्यवसायिक परेशानी से गुजरना पड़ता है।

उपरोक्त ने कहा कि नये भवन निर्माण हेतु झारखंड सरकार द्वारा लगभग 4.5 करोड़ रू० की राशि आवंटित की गई है जिससे एक विशाल भवन का निर्माण संभव हो सके। भवन निमार्ण हेतु 100 100 वर्गफूट जमीन की आवशयकता है, लेकिन दुर्भाग्यवश नये भवन निर्माण हेतु जिला अधिवक्ता संघ, दुमका के पास जमीन उपलब्ध नहीं है। उपरोक्त ने कहा कि वर्तमान में कचहरी परिसर में ही पुराना अनुमंडल कार्यालय खाली है जो अनुपयोगी एवं जिर्ण-शिर्ण अवस्था में है एवं उसके सामने लगभग एक एकड़ जमीन परती पड़ी हुई है, जिसमें अधिवक्ता लोग पूर्व से ही सरेस्ता बनाकर अपना न्यायिक कार्य कर रहे हैं।

उपरोक्त ने कहा कि दुमका एक पिछड़ा जिला है। मंत्री महोदय अधिवक्ताओं की समस्याओं से पूर्ण अवगत हैं, जबकि दुमका जिला संताल परगना का मुख्यालय व झारखंड की उपराजधानी भी है।

मंत्री से अनुरोध करते हुए उपरोक्त ने कहा कि अधिवक्ता संघ, दुमका के सदस्यों का अनुरोध है कि पुराना अनुमंडल कार्यालय भवन व खाली जमीन को जिला अधिवक्ता संघ, दुमका को सुपूर्द कर दी जाए ताकि उक्त भूमि पर नये भवन का निर्माण हो सके।

## कैम्प में 15 एसएचजी को 36 लाख का ऋण स्वकृति



**पालोजोरी।** मोहनपुर प्रखंड के कटवन सीएलएफ के सभागार में शनिवार को पीएनबी देवघर शाखा की ओर जेएसएलपीएस के गठित सखी मण्डल आधारित कृषि प्रसार कैंप का आयोजन किया गया। कैंप के माध्यम से 15 सखी मण्डल को पीएनबी देवघर और आरके मिशन शाखा से 36 लाख रुपया की ऋण राशि निर्गत किया गया। वहीं देवघर पीएनबी के मुख्य प्रबंधक बिनोद बिहारी साहा ने पीएनबी के द्वारा किये जा रहे आर्थिक सहायता को विस्तार से बताया तथा एनपीए को किसी स्तर पर नहीं रहने देना है इसकी सभी उपाय को सहज़ भाषा मे समझाया। जेएसएलपीएस डीएम एफआई परशुराम कुमार ने बताया की निर्गत ऋण राशि के सही उपयोग के बारे में विस्तार से समझाया गया। बीपीएम मोहनपुर मनोज कुमार और शाखा प्रबंधक अशोक कुमार दास ने बैंक के नियम और सखी मण्डल के नियम और व्यक्तिगत बीमा का जीवन मे महत्त्व को विस्तार से जानकारी दी गई। पीएनबी देवघर कृषि अधिकारी श्रेया स्नेही ने महिला सशक्तिकरण और आर्थिक सशक्तिकरण को विस्तार से बताया। साथ ही सभी को प्रोत्साहित किया और संकुल की सभी सदस्यों ने कार्यों की सराहना करते हुए हम सब दीदियो से निरंतर मिलती रहती है और हमारे सभी बैंक शाखा सम्बंधित कार्य को गांव आकर मदद करती है। पदाधिकारियों के द्वारा ऋण निर्गत राशि का प्रमाणपत्र दिया गया। साथ ही बताया गया की हर वर्ष एक मार्च को पीएनबी के द्वारा इस तरह का कार्यक्रम आर्थिक सशक्तिकरण के लिए किया जाता रहेंगा। मौके पर कटवन संकुल समन्वयक अमरेश कुमार, बैंक सखी आलोका कुमारी, गीता देवी, मंजू देवी, किरण देवी, रीता, निर्मला, जमनी, जुली, संजू, जियोनि, निधि, आकांशा सहित अन्य उपस्थित थे।

# रेलवे स्टेशन दुमका पर बनाए गए कोयला डंपिंग यार्ड से मानव जीवन के साथ पर्यावरण पर पड़ रहा है गहरा प्रभाव

**दुमका।**





जहाँ एक ओर आम लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए भारतीय रेल विकास के नये नये आयाम गढ़ रच रही है। रेलवे की कमाई का साधन माल भाड़ा है। हालांकि वर्षों से उपेक्षित दुमका को भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई के कार्यकाल में रेल का तोहफा मिला लेकिन किसे पता था कि आम जनता को सुगमता से पहुंचाने के लिए बनाए गए दुमका रेलवे स्टेशन पर कोयला डंपिंग यार्ड परेशानी का सबब बन जाएगा। मानव जीवन के साथ पर्यावरण की सुरक्षा का दंभ भरने वाली केन्द्र और राज्य सरकार की दकियानूसी ख्याल से दुमका वासी त्रस्त है। दरअसल ऐसा इसलिए है क्योंकि सारे नियम कानून को ताक पर रखकर दुमका रेलवे स्टेशन पर ही कोयला डंपिंग यार्ड बना दिया गया है जिसका असर सिर्फ मां जीवन पर ही नहीं बल्कि पर्यावरण पर भी गहरा प्रभाव पड़ रहा है। भूगर्भशास्त्री डा रंजीत सिंह की मानें तो कोयले की खदानों एवं यार्डों का मानव स्वास्थ्य, वातावरण एवं पर्यावरण पर गंभीर प्रभाव पड़ता है।

कोयला खनन और कोयले के भंडारण यार्डो से विभिन्न प्रकार के प्रदूषण फैलते हैं, जो मानव स्वास्थ्य, पर्यावरण और पारिस्थितिकी तंत्र को गहराई से प्रभावित करते हैं। इन प्रभावों को विस्तृत रूप से निम्नलिखित बिंदुओं में समझाया जा सकता है: , मानव स्वास्थ्य पर प्रभाव ,श्वसन तंत्र पर प्रभाव , धूल प्रदूषण (Particulate Matter - PM10, PM2.5): कोयले की धूल हवा में फैलकर फेफड़ों में जाकर श्वसन समस्याओं को जन्म देती है। , अस्थमा और ब्रोंकाइटिसः कोयला खनन क्षेत्रों में रहने वाले लोगों में अस्थमा, ब्रोंकाइटिस और फेफड़ों के संक्रमण की संभावना अधिक होती है। सीओपीडी (Chronic Obstructive Pulmonary Disease): कोयले की धूल में लगातार सांस लेने से फेफड़ों की क्षमता कम हो जाती है और व्यक्ति सीओपीडी जैसी बीमारियों का शिकार हो सकता है। हृदय एवं रक्त संचार प्रणाली पर प्रभाव , हृदय रोगः कोयले के जलने से निकलने वाली सल्फर डाइऑक्साइड (SO) और नाइट्रोजन ऑक्साइड (NO) रक्त संचार प्रणाली को प्रभावित कर हृदय रोगों का कारण बनते हैं। , उच्च रक्तचाप और स्ट्रोकः प्रदूषित हवा में लंबे समय तक रहने से रक्तचाप बढ़ता है और हृदयाघात (स्ट्रोक) का खतरा बढ़ जाता है। , कैंसर और अन्य दीर्घकालिक बीमारियां , फेफड़ों का कैंसरः कोयला जलने से निकलने वाले हानिकारक तत्व जैसे बेंजोपाइरीन (Benzo[a]pyrene) और आर्सेनिक कैंसरजन्य (Carcinogenic) होते हैं, जिससे कैंसर होने की संभावना बढ़ती है। , त्वचा रोगः कोयले की धूल और उसके रसायनों के संपर्क में आने से त्वचा संबंधी बीमारियां हो सकती हैं। , नेत्र संक्रमणः कोयला धूल के कारण आंखों में जलन, लालिमा और दृष्टि संबंधी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं , मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव , तनाव और अवसादः प्रदूषित वातावरण, कोयला खनन से विस्थापन और स्वास्थ्य समस्याओं के कारण मानसिक तनाव और अवसाद बढ़ सकता है। , ध्वनि प्रदूषणः कोयला खनन में विस्फोट और भारी मशीनों की आवाज़ से ध्वनि प्रदूषण होता है, जिससे नींद न आने की समस्या (इंसोम्निया) और मानसिक अशांति होती है। ,आसपास के वातावरण पर प्रभाव- वायु प्रदूषण , सल्फर डाइऑक्साइड (SO) और नाइट्रोजन ऑक्साइड (NO) उत्सर्जनः ये गैसें अम्लीय वर्षा (Acid Rain) का कारण बनती हैं, जिससे मिट्टी और जल स्त्रोत दूषित होते हैं। कार्बन मोनोऑक्साइड (CO) उत्सर्जनः यह गैस जहरीली होती है और अधिक मात्रा में साँस लेने से घुटन और मृत्यु तक हो सकती है।जल प्रदूषण , खनन से निकलने वाला अपशिष्ट (Acid Mine Drainage - AMD): कोयला खदानों से निकलने वाले सल्फर युक्त जल में सल्फ्यूरिक एसिड होता है, जो नदियों, झीलों और भूजल को प्रदूषित कर देता है। , भारी धातुओं का रिसावः कोयले में उपस्थित आर्सेनिक, पारा, क्रोमियम जैसी जहरीली धातुएं जल में घुलकर लोगों के पीने के पानी को विषैला बना सकती हैं। मृदा प्रदूषण , मिट्टी की उर्वरता में कमीः कोयला खनन और उसके जलने से निकलने वाली राख भूमि की उर्वरता को कम कर देती है। , फसल उत्पादन पर प्रभावः अम्लीय वर्षा और मिट्टी की खराब गुणवत्ता के कारण कृषि उत्पादन कम हो जाता है ।

जैव विविधता पर प्रभाव , वन्यजीवों का आवास नष्ट होनाः खनन के लिए वनों की कटाई होने से जीव-जंतुओं का प्राकृतिक आवास नष्ट हो जाता है। जलचरों पर प्रभावः कोयले से निकले रसायन नदियों में मिलकर मछलियों और अन्य जलीय जीवों को नुकसान पहुंचाते हैं। ,पर्यावरण पर प्रभाव , ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन और जलवायु परिवर्तन , कार्बन डाइऑक्साइड (CO) उत्सर्जनः कोयले का जलना वातावरण में ग्रीनहाउस गैसों की मात्रा बढ़ाकर जलवायु परिवर्तन का कारण बनता है। ग्लोबल वार्मिंगः कोयले के जलने से निकलने वाला CO पृथ्वी के तापमान को बढ़ाकर जलवायु असंतुलन उत्पन्न करता है।अम्लीय वर्षा (Acid Rain) , मिट्टी और जल स्त्रोतों को नुकसानः अम्लीय वर्षा के कारण मिट्टी की उर्वरता कम होती है और नदियों-झीलों का स्त्रल संतुलन बिगड़ जाता है। भवनों और ऐतिहासिक धरोहरों पर प्रभावः अम्लीय वर्षा से ताजमहल जैसे ऐतिहासिक स्मारकों को क्षति होती है। जल संकट - खनन के लिए अत्यधिक जल उपयोगः कोयला खनन में बड़ी मात्रा में जल की खपत होती है, जिससे आसपास के क्षेत्रों में जल संकट उत्पन्न होता है। भूजल स्तर में गिरावट - कोयला खनन के कारण भूमिगत जलस्तर नीचे चला जाता है, जिससे ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में पानी की कमी हो जाती है।

» निष्कर्ष

कोयले की खदानें और यार्ड मानव जीवन, पर्यावरण और पारिस्थितिकी तंत्र पर गंभीर नकारात्मक प्रभाव डालते हैं। इससे होने वाले प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए निम्नलिखित उपाय आवशयक हैं: हरित ऊर्जा (Green Energy) को बढ़ावा देनाः सौर और पवन ऊर्जा जैसी नवीकरणीय ऊर्जा का उपयोग बढ़ाना चाहिए।

पर्यावरणीय नियमों का सख्ती से पालनः कोयला खनन के लिए सख्त पर्यावरणीय मानकों को लागू करना आवशयक है।

खनन के बाद पुनर्वनीकरण (Reforestation): खनन के बाद वनों की पुनः बहाली की जानी चाहिए।

कोयला आधारित उद्योगों में फिल्टर तकनीक का उपयोगः बिजली संयंत्रों में उत्सर्जन को कम करने के लिए अत्याधुनिक तकनीकों का उपयोग किया जाना चाहिए।

स्थानीय समुदायों की सुरक्षाः कोयला खनन से प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाएं और स्वच्छ जल उपलब्ध कराना जरूरी है।

यदि इन उपायों को लागू किया जाए, तो कोयले के दुष्प्रभावों को काफी हद तक कम किया जा सकता है और एक स्वच्छ व स्वस्थ पर्यावरण बनाया जा सकता है। पर दुर्भाग्यवश मानव जीवन के साथ पर्यावरण की सुरक्षा के जैसा होना चाहिए था वैसा धरातल पर फिलहाल दिखाई नहीं देता है।

# बरही विधायक ने विभिन्न विकास योजनाओं का रखा शिलान्यास

प्रतिनिधि बरही।

बरही विधान सभा से विधायक परिवर्तन के बाद पांचवीं बार विधायक बनाने के बाद मनोज कुमार यादव विस क्षेत्र विकास को गति देने के लिए लगातार नींव रखना शुरू कर दी है। शनिवार को विधायक ने बरही प्रखंड में कई महत्वपूर्ण योजनाओं का शिलान्यास रखा। इनमें गौरिया में स्थित राजाआहार और नया आहार के जीर्णोद्धार कार्य, ग्राम खेरौन से कटियौन तक सड़क निर्माण, ग्राम कजरा में पीएमजीएसवाई रोड से भुइयाँ टोली तक कालीकरण सड़क निर्माण तथा प्राथमिक विद्यालय

## मेरा विधायकी मात्र जनहित के लिए समर्पित : मनोज यादव



कटियौन के चारदीवारी निर्माण कार्य शामिल हैं। इस अवसर पर बरही विधायक मनोज यादव ने कहा कि उनकी प्राथमिकता जनता की मूलभूत आवशयकताओं को पूरा करना और क्षेत्र को विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जाना है। उन्होंने कहा कि गांव-गांव तक सड़क, सिंचाई, शिक्षा और अन्य बुनियादी सुविधाएं पहुंचाने के लिए वह संकल्पित है। यह मेरा वादा है कि विकास की खींची जा रही है लंबी लकीर और हर घर तक सुविधाएं मदद पहुंचाएगी। उन्होंने बताया कि गौरिया गांव में राजाआहार और नया आहार के जीर्णोद्धार से स्थानीय किसानों को सिंचाई की सुविधा मिलेगी। विधायक ने कहा कि यह परियोजना जल संरक्षण को बढ़ावा देगी और क्षेत्र में कृषि उत्पादन को मजबूत करेगी। विधायक श्री यादव ने ग्राम खेरौन से कटियौन तक बनने वाली सड़क से ग्रामीणों को बेहतर परिवहन सुविधा मिलेगी। वहीं, ग्राम कजरा में पीएमजीएसवाई रोड से भुइयाँ टोली तक सड़क के कालीकरण से आवाजाही सुगम होगी। विधायक ने कहा कि सड़कों के निर्माण से ग्रामीणों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने में मदद मिलेगी।प्राथमिक विद्यालय कटियौन की चारदीवारी के निर्माण को लेकर विधायक ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा और शिक्षण व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए यह निर्माण कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, गौरियाकरमा मुखिया कुमारी मीरा, केदारुत मुखिया सरिता देवी, विशेश्वर यादव, राजन ओम, नागेश्वर यादव, अशोक यादव, युगल यादव, इंद्रदेव ठाकुर, दीनानाथ यादव, प्रद्युम्न सिंह समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## न्यूज़ अपडेट

### प्रशिक्षु आईपीएस श्रुति के नाम से थाना में दिया आवेदन कार्रवाई करने की किया मांग





**श्रमबिन्दु इचाक ।** इचाकःपरासी गांव निवासी धर्मजीत प्रजापति पिता स्वर्गीय कुलदीप प्रजापति ने थाना में प्रशिक्षु आईपीएस श्रुति के नाम से आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाया एवं कार्रवाई करने की मांग की आवेदन में लिखा है कि मेरे हिस्से का घर का ताला रात में मेरे भाई पहले रामचरित प्रजापति दूसरा विश्वजीत प्रजापति (अनिल) दोनों भाई मिलकर रात के समय में मेरे पुराना घर का ताला तोड़कर मां को उसे घर में प्रवेश करा दिया गया जो की मां हमारे साथ थी ऐसा माँ को बहला फुसला करके किया गया जबकि जमीन पूरा परती था हमने चाचा लोग से थाना में आवेदन देकर हमने फैसला करा कर के उसे घर पर अपना कब्जा किया फैसला के समय दोनों भाई में से कोई नहीं आया बुलाने पर भी हमें बोला गया कि तुम्हारा जमीन है तुम समझो मुझे उसमें कोई अधिकार नहीं है समस्या यह है कि पंचायत का फैसला किया हुआ जो हिसाब का पैसा था वह भी हमें नहीं मिला 2 साल का करार किया गया था जब हमें पैसे नहीं मिला तो कर्ज के कारण हमने अपने हिस्से का 2 डिसमिल का जमीन जो पुराना घर के बगल में परती जमीन का एग्रीमेंट करना पड़ा परिवार को और दोनों भाई को पूछ कर एग्रीमेंट हमने किया था तब भी उन लोग हम पर काफी दवाब बन रहे हैं। हम काफी मानसिक टेंशन में है।

### पानी टप को लेकर सातवें दिन भी ग्रामीणों की अनिश्चितकालीन धरना जारी।



**बिरनी/गिरिडीह/** बिरनी प्रखण्ड के बाराडीह पंचायत अंतर्गत नावाघाट में ग्रामीणों का शनिवार को सातवें दिन भी अनिश्चितकालीन धरना जारी । रविवार को आठवें दिन धरना के पश्चात शाम को धरनार्थी निकालेंगे मशाल जुलूस बीडीओ को सौंपा ज्ञापन । सातवें दिन अनिश्चितकालीन धरना के बावजूद विभाग की नही खुली नींद ग्रामीणों ने कहा गहरी नींद में सोया है विभाग । मशाल जुलूस के बाद ग्रामीण ले सकते हैं बड़ी निर्णय आमरण-अनशन की तैयारी । आमरण-अनशन के बावजूद भी जलापूर्ति नही हुई शुरू तो सड़कों पर उतरेंगे लोग दी चेतावनी । बता दें कि 29 करोड़ की लागत से बने पानी टँकी से जलापूर्ति 2 वर्षों से ठप है जिसे चालू करने को लेकर ग्रामीणों ने बीते 23 फरवरी दिन रविवार से अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे हैं और शनिवार को सातवें दिन भी जारी रहा । कई की हालत बिगड़ी स्वास्थ्य विभाग की टीम कर रही उपचार ।

### झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा विधानसभा स्तरीय बैठक कल

( बगोदर, सरिया, बिरनी) का संयुक्त बैठक दिनांक 2 :3 :2025 दिन रविवार समय 2:00स्रे सरिया के फुटबॉल मैदान में रखा गया है!अतः झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के जितने भी जिला स्तरीय सदस्य प्रखंड स्तरीय सदस्य एवं पंचायत स्तरीय सदस्य हैं आप सभी से अनुरोध है कि आप सभी सरिया स्थित फुटबॉल मैदान में रखा गया आदेशानुसार ।

### पुलिस ने चाकू से हमला करने वाले 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**बड़कागांव।** बड़कागांव पुलिस शनिवार को 6 अभियुक्त को पकड़कर हजारीबाग न्यायालय में प्रस्तुत करके जेल भेजा गया। ये सभी आरोपियों के विरुद्ध बड़कागांव थाना कांड संख्या 42/25, धारा 126(2),115(2),117(2),118(1),109(1),3(5) तहत मामला दर्ज है। बता दें कि बुधवार 27 फरवरी को बड़कागांव चौक में पिपराडीह निवासी ललन यादव और चंदन यादव को धारदार चाकू से हमला करके घायल करने का आरोप है। वहीं बड़कागांव पुलिस के द्वारा राजा यादव और राजविंदर यादव पिता विमल यादव चौपारण, राहुल यादव उर्फ रोहित यादव पिता अर्जुन यादव हजारीबाग मुफ्फासिल, गोल्डन यादव उर्फ विक्रम यादव पिता नेमन गोप कटकमदाग, शिवम कुमार पिता प्रदीप कुमार यादव कटकमदाग, रिशु कुमार पिता हेमराज साव कटकमदाग, विक्रम कुमार यादव पिता विशेश्वर गोप कटकमदाग निवासी को जेल भेजा गया। बड़कागांव थाना प्रभारी नेमधारी रजक ने बताया कि किसी भी तरह का गुनहगार नहीं बक्शा जायेगा। आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई में बड़कागांव थाना के एसआई इंद्रजीत कुमार के अलावे पुलिस जवान के सशस्त्र दल शामिल थें।

### कुंभ से आए श्रद्धालुओं के द्वारा चेपाखुर्द के शिव मंदिर में सामूहिक पूजा एवं भंडारा का किया गया आयोजन।



**बड़कागांव।** बड़कागांव प्रखंड के अंतर्गत ग्राम चेपाखुर्द के शिव मंदिर प्रांगण में सामूहिक पूजा एवं भंडारा का आयोजन किया गया। बताते चले कि ग्राम चेपाखुर्द से 22 फरवरी 2025 को पांच दिवसीय महाकुंभ यात्रा प्रयागराज के लिए डेढ़ सौ महिला पुरुष श्रद्धालु गण गए थे जो प्रयागराज, विंध्याचल,अयोध्या, बनारस ,बोधगया एवं भद्रकाली मंदिर का दर्शन करते हुए 27 फरवरी 2025 को सकुशल मंगल अपना गांव लौट आए ।उसी खुशी के उपलक्ष में गांव के शिव मंदिर में सामूहिक पूजा एवं भंडारा का आयोजन किया गया। मौके पर पुरोहित राधेश्याम बाबा, श्रद्धालुओं में अजय यादव,चंद्रशेखर चौरसिया ,शिवा साव, शंभू साव, राजू महतो, महावीर यादव, सहदेव यादव, नवलेश यादव, तारकेश्वर महतो, कुलदीप कुमार साहू, कोलेश्वर महतो,प्रकाश महतो, अभिमन्यु कुमार साहू, अर्जुन साहू, परमेश्वर राम, भुवनेश्वर विश्वकर्मा, विश्वनाथ साहू,सोनू देवी, विमला देवी,रुदिया देवी , संजू रानी,किरण देवी, आशा देवी, मंजू देवी, तुलसी यादव, महेंद्र साव, उमेश साव, लालजीत महतो, धनेश्वरी देवी, पूजा कुमारी एवं अन्य ग्रामीण लोग उपस्थित थे।

## झारखंड में हुकूमनामा जमीनः नियम, प्रक्रिया, और महत्वपूर्ण बातें

संवाददाता।

झारखंड में हुकूमनामा जमीन एक महत्वपूर्ण विषय है, जिसमें जमीन के मालिकाना हक के बारे में सरकार द्वारा एक आधिकारिक दस्तावेज जारी किया जाता है [1]। यह दस्तावेज जमीन के मालिक को जमीन के मालिकाना हक को स्थापित करने में मदद करता है और जमीन को बेचने, खरीदने, या अन्य किसी तरह से उपयोग करने के लिए आवश्यक होता है।

» हुकूमनामा जमीन के नियम और प्रक्रिया

» झारखंड में हुकूमनामा जमीन के नियम और प्रक्रिया निम्नलिखित हैं :

1. जमीन का खाता नंबरः जमीन का खाता नंबर एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है जो जमीन के मालिक को जमीन के मालिकाना हक को स्थापित करने में मदद करता है।
2. जमीन का खेसरा नंबरः जमीन का खेसरा नंबर एक अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज है जो जमीन के मालिक को जमीन के मालिकाना हक को स्थापित करने में मदद करता है।
3. जमीन का मौजा नंबरः जमीन का मौजा नंबर एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है जो जमीन के मालिक को जमीन के मालिकाना हक को स्थापित करने में मदद करता है।
4. जमीन का अंचल नंबरः जमीन का अंचल नंबर एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है जो जमीन के मालिक को जमीन के मालिकाना हक को स्थापित करने में मदद करता है।
5. जमीन का जिला नंबरः जमीन का जिला नंबर एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है जो जमीन के मालिक को जमीन के मालिकाना हक को स्थापित करने में मदद करता है।

» हुकूमनामा जमीन के लिए आवश्यक दस्तावेज

» हुकूमनामा जमीन के लिए आवश्यक दस्तावेज निम्नलिखित हैं :

1. जमीन का खाता नंबर
2. जमीन का खेसरा नंबर
3. जमीन का मौजा नंबर
4. जमीन का अंचल नंबर
5. जमीन का जिला नंबर
6. जमीन के मालिक का पहचान पत्र
7. जमीन का नक्शा
8. भुगतान की रसीदें

» हुकूमनामा जमीन के लिए महत्वपूर्ण बातें

» हुकूमनामा जमीन के लिए महत्वपूर्ण बातें निम्नलिखित हैं :

1. विक्रेता के पास जमीन का मालिकाना हक है या नहीं
2. विक्रेता के खिलाफ जमीन पर कोई मुकदमे या विवाद तो नहीं हैं
3. जमीन के सभी दस्तावेज सही हैं और उनकी जांच करें

» निष्कर्ष

हुकूमनामा जमीन एक महत्वपूर्ण विषय है, जिसमें जमीन के मालिकाना हक के बारे में सरकार द्वारा एक आधिकारिक दस्तावेज जारी किया जाता है। झारखंड में हुकूमनामा जमीन के नियम और प्रक्रिया को समझना महत्वपूर्ण है, और आवश्यक दस्तावेज जरूरी कारण सरकार को इस मामले में संज्ञान लेना चाहिए।

## बरही पुलिस ने अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को किया जब्त, मामला दर्ज



**प्रतिनिधि बरही।** शुक्रवार को बरही थाने पुलिस ने अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर को जब्त किया और थाना ले आई है। बताया गया कि कटियोंन नदी से ट्रैक्टर में बालू लोड करके बरही की ओर ले जाया जा रहा था, तभी रूटीन पेट्रोलिंग में शामिल थाना एसआई नरेंद्र पांडेय की नजर अवैध बालू लदे ट्रैक्टर पर पड़ी। इसके बाद पुलिस ने बालू लदे ट्रैक्टर को रुकवाना चाहा, लेकिन ड्राइवर पुलिस को देखकर ट्रैक्टर को काफी तेजी से भगाने लगा। कुछ दूरी तक भागने के बाद ड्राइवर बरही चौक के पास बालू लदे ट्रैक्टर को छोड़कर भाग निकला। इस दौरान पुलिस बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त कर थाना ले आई। बरही थाना पुलिस ने बरही राजस्व कर्मचारी के दिए गए आवेदन के आधार पर ट्रेकर मालिक पर कांड संख्या 73/25 मामला दर्ज कर लिया है। एसआई नरेंद्र पांडे ने बताया कि ट्रैक्टर वाहन का नंबर नहीं है, इंजन और चेचिस नंबर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। इस बाबत थाना प्रभारी आभास कुमार ने बताया कि बालू के अवैध बालू कारोबारियों के खिलाफ कानूनी करवाई शुरू कर दी है और आगे भी जारी रहेगा।

## महाशिवरात्रि के दिन हुए झड़प को लेकर दोनों समुदाय की बैठक डुमरोंन सचिवालय मे हुई सम्पन



**श्रमबिन्दु इचाक ।** इचाक महाशिवरात्रि के दिन हुई झड़प को लेकर दोनों समुदायों की बैठक पंचायत भवन डमरौन में की गई अध्यक्षता जिला परिषद अध्यक्ष उमेश मेहता ने किया बैठक में सर्वसम्मति से दोनों समुदाय के बीच निर्णय लिया गया कि राजकीय उर्दू मध्य विद्यालय के ऊपर बने मीनार एवं बगल में लगाए गए भागवत ध्वज का स्तंभ आज 8:00 बजे से हटाया जाएगा अगर हटाने में कोई भी आना कानी करते हैं तो उन पर कानूनी कार्रवाई होगी विद्यालय के ऊपर किसी तरह का कोई भी धार्मिक झंडा नहीं लगाया जाएगा मदरसा में पूर्व के भांति पाठन पाटन का कार्य चलता रहेगा।राष्ट्रीय ध्वज के लिए जो चबूतरा बनाया गया है वह सदा सदैव के लिए रहेगा। स्तंभ को हटाकर दूसरी जगह स्थापित किया जाएगा। प्रशिक्षु आईपीएस शह थाना प्रभारी श्रुति ने कहा की काफी हर्ष उल्लास की बात है कि दोनों समुदाय मिलकर यह समझौता कर रहे हैं और अपने लेवल पर मामले को खत्म कर रहे हैं इससे अच्छी बात क्या हो सकती है मुख्य रूप उप प्रमुख सत्येंद्र कुमार मेहता मुखिया चोहन महतो अशोक कपद्दार सांसद प्रतिनिधि भगवत मेहता प्रकोष्ठ के केंद्रीय उपाध्यक्ष सुनील शर्मा, प्रमुख प्रतिनिधि सिकंदर कुमार दास, कांग्रेस ओबीसी प्रदेश सचिव रेणु कुमारी, महावीर मेहता ,राजेश मेहता ,प्रवीन मेहता ,प्रेम मेहता ,अनिल मेहता, मनोज मेहता, प्रकाश रविदास, संतोष मेहता, मोहम्मद जुबेर, मोहम्मद हबीब, मुबारक मियां ,रजक मियां, अनवर मियां ,रिजवान अंसारी, रमणीय फारूक अंसारी, छोटन मियां, मोहम्मद हकीक, शमसुद्दीन मियां, सैकड़ो धर्म प्रेमी मौजूद रहे।

## संत रामकृष्ण परमहंस की 189वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई



**श्रमबिंदु ।विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ प्रखंड के हॉस्पिटल चौक स्थित विवेकानंद सेवा आश्रम विद्यालय परिसर में शनिवार को संत रामकृष्ण परमहंस की 189वीं जयंती समारोह पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विवेकानंद सेवा आश्रम परिसर में स्थित मंदिर में संत रामकृष्ण परमहंस की विशेष पूजा अर्चना, हवन, आरती कर जनकल्याण की प्राप्तान की गई। पूजा एवं हवन के पश्चात रामकृष्ण वचनामृत का पाठ किया गया। इस शुभ अवसर पर संध्या में विशेष आरती एवं भजन कीर्तन का भी आयोजन किया गया। रामकृष्ण के जयंती समारोह में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं, बच्चे एवं अभिभावकगण उपस्थित रहे और इन सबों ने ठाकुर का आशीर्वाद ग्रहण किया। मौके पर विवेकानंद सेवा आश्रम के सचिव यशवंत मिश्रा ने जानकारी देकर बताया कि द्वापर युग में भगवान राम, त्रेता युग में कृष्ण और कलयुग में संत रामकृष्ण परमहंस भगवान का अवतार हुआ, यह सभी भगवान विष्णु के ही अवतार हैं। उन्होंने कहा कि रामकृष्ण परमहंस का मानना था कि ईश्वर का दर्शन किया जा सकता है, ईश्वर का दर्शन करने के लिए आध्यात्मिक चेतना की तरक्की पर जोर देते थे, आध्यात्मिक चेतना ईश्वर तक पहुंचे, इसके लिए वह धर्म को साधन मात्र समझते थे। इसलिए संसार के लिए सभी धर्मो में उनका विश्वास था और वे उन्हें परस्पर अलग-अलग नहीं मानते थे। इतना ही नहीं रामकृष्ण परमहंस भारत के महान संत और आध्यात्मिक गुरु थे, वे मां काली के परम भक्त थे और उन्होंने अपना सारा जीवन आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्त करने में समर्पित कर दिया। उनका मानना था कि मानव सेवा ही ईश्वर की सच्ची आराधना है और जीवन का परम लक्ष्य ईश्वर को प्राप्त करना है।

## पूर्व सांसद बीपी मेहता और बटेश्वर पहुंचे डुमरौन, शांति बनाने की अपील

थाना क्षेत्र के डुमरौन गांव में दो समुदाय के बीच हुए झड़प के तीसरे दिन शुक्रवार को हजारीबाग के पूर्व सांसद और स्वतन्त्रता सेनानी विचार मंच के प्रदेश अध्यक्ष और बरकट्ठा विस के पूर्व प्रत्याशी बटेश्वर मेहता डुमरौन गांव पहुंचे। घटना स्थल पर जाकर दोनों समुदाय के लोगों से मिले और शांति व सौहार्द बनाये रखने की अपील की। नेताओं ने कहा कि गांव के कुछ शरारती लोगों द्वारा युवा वर्ग को भड़काकर ऐसा माहौल को बिगाड़ा गया है। सभी को इसी गांव में रहना है। इस छोटी सी घटना को लोग राजनीतिक रंग देने में जुटे हैं, ऐसा नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने मंत्री इरफान अंसारी और विधायक अमित यादव दोनो के बयानों को निंदा की और कहा कि डुमरौन गांव शांतिपूर्ण रहा है यहां के लोगों को भड़काना बन्द करें लोग।

## हजारीबाग के चर्चित मंजीत यादव हत्याकांडः रेकी के आरोप में गिरफ्तार रामा सोनी को हाई कोर्ट से जमानत, प्रेस वार्ता कर दी सफाई



**बड़कागांव/ हजारीबाग** /मंजीत यादव हत्याकांड में रेकी करने के आरोप में गिरफ्तार रामा सोनी को हाई कोर्ट ने जमानत दे दी है। कोर्ट के आदेश के बाद रिहा हुए रामा सोनी ने प्रेस वार्ता कर अपनी सफाई पेश की। उन्होंने कहा कि उन्हें साजिश के तहत फंसाया गया था और न्याय मिलने पर उन्होंने अदालत का आभार व्यक्त किया। कहा कि रेकी के आरोप में और हत्या की साज़िशकर्ता के रूप में उसकी गिरफ्तारी की गयी थी। बताया कि उनको ये बताया गया की उन्होंने मंजीत यादव की रेकी की थी और फतहा में किसी हेमंत यादव के यहाँ बैठक कर हत्या की साज़िश रची थी जबकि वे विगत ११ वर्षो से कभी फतहा नहीं गए है और किसी हेमंत यादव को जानते है। रामा सोनी पर आरोप था कि उन्होंने मंजीत यादव की हत्या से पहले रेकी की थी, जिसके आधार पर पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार किया था। हालांकि, हाई कोर्ट ने उनके खिलाफ पुख्ता सबूतों की कमी के चलते जमानत मंजूर कर ली।

प्रेस वार्ता के दौरान रामा सोनी ने कहा कि वे जल्द ही कानूनी कदम उठाकर अपने ऊपर लगे झूठे आरोपों को पूरी तरह खत्म करेंगे। वहीं, पुलिस अब भी इस हत्याकांड की गहराई से जांच कर रही है। ज्ञात हो कि मंजीत यादव की हत्या 29 अक्तूबर सुबह 8 बजे बड़ा बाजार थाना क्षेत्र के सिरका में उसके घर के समीप गोली मारकर कर दी गई थी। इस संबंध में उनकी पत्नी सुनीता देवी ने बड़ा बाजार में पांच लोगों को नामजद आरोपी बनाकर मामला दर्ज कराया था। जिसमें विवेक सोनी, गंगा साव, राजकुमार गुप्ता, हेमंत महतो और रामा सोनी का नाम शामिल था। इसमें पुलिस ने गंगा साव, राजकुमार गुप्ता और रामा सोनी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

## सेवानिवृत शिक्षक लालधन महतो को दी गई सम्मानजनक विदाई



**श्रमबिंदु ।विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत चेडरा स्थित राजकीय मध्य विद्यालय विष्णुगढ़ में शनिवार को विद्यालय से सेवानिवृत शिक्षक लालधन महतो की विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित कर विदाई दी गई। मुख्य अतिथियों द्वारा दीपप्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अतिथियों के सम्मान में विद्यालय के बच्चों ने स्वागत गान से स्वागत किया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों द्वारा नृत्य, भाषण, नाटक, संगीत आदि की प्रस्तुती कर लोगों का मन मोह लिया। विदाई सह सम्मान समारोह में सेवानिवृत शिक्षक एवं अतिथियों को अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया। मौके पर शिक्षक लालधन महतो ने कहा कि इस 30 साल के सफर में हमें आप सभी का काफी स्नेह और प्यार मिला, जिसका मैं शुक्रगुजार हूं। आगे कहा कि मेरे आजीविका के सर्वश्रेष्ठ पल आज इस विदाई समारोह में हमें सम्मान मिला है, जो मेरे जीवन का यादगार पल रहेगा। इस दौरान उन्हें फूल माला पहनाकर सम्मानित किया गया। मौके पर बालगोविंद प्रसाद बरनवाल, उपाध्याय पांडेय, कालीचरण पांडे, मधुसूदन प्रसाद स्वर्णकार, मुखिया निर्मल कुमार, रामचंद्र यादव, पंसस मुन्नी देवी, टेकोचंद महतो, सुशील महतो, अनिल पांडे, मिश्रीलाल बर्मन, त्रिवेणी स्वर्णकार, सुखदेव बरनवाल, इंद्रदेव कुमार, अन्नपूर्णा देवी, दिनेशलाल महतो, निरंजन महतो, अशोक प्रसाद कुशवाहा, अशोक राम, रेखा कुमारी, अलका कुमारी, सुजाता लेन राय, विनय कुमार सिंह, अफ़रीना खातून, सुनैना देवी, अनीता बरनवाल, सुनीता कुमारी, राहुल कुमार समेत काफी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद थे।

## सोना-सोबरन योजना के तहत मुखिया ने किया अंग वस्त्र वितरण



**प्रतिनिधि बरही।** करियातपुर पंचायत ग्राम करियातपुर में संतोष कुमार केशरी व नंदकिशोर केशरी के यहां जनवितरण प्रणाली केंद्र पर सोना-सोबरन योजना के तहत स्थानीय मुखिया मनोज कुमार,उपमुखिया प्रतिनिधि संतोष प्रजापति ने संयुक्त रूप 695 कार्डधारियों के बीच अंग वस्त्र में धोती, साड़ी, लुंगी का वितरण किया। इस दौरान मुखिया मनोज कुमार ने कहा कि सूबे की सरकार महत्वाकांक्षी योजना के तहत गरीबों को राशन के साथ-साथ अनुदानित दर पर सोना- सोबरन योजना चलाकर साड़ी, लुंगी,धोती उपलब्ध करा रही है और कार्डधारियों को लाभ मिल रहा है। मौके पर मुखिया मनोज कुमार, उप मुखिया प्रतिनिधि संतोष प्रजापति, लालजी रविदास, उमा देवी, गुड़िया देवी, आशा देवी, जानकी देवी, गीता देवी, सबिता देवी, प्रियंका देवी, संगीता,देवी,संतोषी देवी, तुलेश्वर रविदास, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# एकतरफा मुकाबले में सिरमा को रौंद कर स्व अहसान खान मेमोरियल टूर्नामेंट का विजेता बना बलिया

बड़कागांव।

स्व अहसान खान मेमोरियल नॉक-आउट क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला इतिहासिक बीएमसी मैदान बादम में खेला गया। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर फाइनल का शुभारंभ किया। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला बलिया और सिरमा के बीच खेला गया।

सिरमा की टीम का टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी का फैसला गलत साबित हुआ। सिरमा की टीम निर्धारित 10 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर मात्र 66 रन का स्कोर बना सकी। सिरमा के दो बल्लेबाज ही दहाई का आंकड़ा पार कर सके। बलिया के तरफ से निलेश कुमार ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 3 ओवर में 11 रन दे कर 4 विकेट हासिल किया। जवाब में बलिया ने एक तरफा प्रदर्शन करते हुए बिना विकेट कोई विकेट खोए 4.1 ओवर में लक्ष्य को हासिल कर लिया। बलिया के तरफ से सलमान और कृष्ण ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी का




प्रदर्शन किया। सलमान ने 16 गेंदों 2 छक्का और 6 चौके की मदद से 42 एवं कृष्णा ने 9 गेंदों में 2 छक्का और 2 चौका के मदद से 23 रन बनाया। टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरुष्कार बलिया टीम के शाहरुख को, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी का पुरुस्कार हजारीबाग टीम के शेरू को, सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज का पुरुस्कार बलिया के सलमान को एवं मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरुस्कार निलेश कुमार को दिया गया।

विजेता टीम बलिया को बीस हजार का नकद एवं चमचमाती ट्रॉफी एवं सिरमा की टीम को तेरह हजार रुपए एवं ट्रॉफी दे कर सम्मानित किया गया।

मैच में अंपायर की भूमिका शहंशाह खान और आकिब अनवर ने निभाया। मौके पर मुख्य रूप से गोंदलपुरा पंचायत के मुखिया बासुदेव यादव, बादम पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि दीपक दास, पंचायत समिति सदस्य राजा खान, गौतम वर्मा, बादाम अंजुमन सदर मो मोकित उल्लाह, अध्यक्ष जुबेर खान, उपाध्यक्ष मोदस्सर, खान, सचिव नासीब खान, शीहान जफर, नौशाद, फैसल, आदिल, अदनान, भास्कर, विजय यादव,आरिज खान, पिंटू खान, प्रकाश राम, सोनू सहित हजारों की संख्या में दर्शक मौजूद थे।

न्यूज अपडेट

## नौ कुण्डीय गायत्री महायज्ञ सह संस्कार महोत्सव 4-6 मार्च को।

**बरहरवा ।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शाखा-बांझी बाजार के तत्वाधान में आगामी 4-6 मार्च को मांझी ठाप काली स्थान बांझी बाजार में नौ कुण्डीय गायत्री महायज्ञ सह संस्कार महोत्सव का आयोजन होगाक तैयारी अंतिम चरण में है। इसकी जानकारी गायत्री परिवार के शिव शंकर प्रसाद निराला ने दी।

## बाइक से गिरकर दो घायल गंभीर स्थिति में एक रेफर।



**बरहरवा ।**उधवा- राजमहल मुख्य मार्ग पर मंनसिंघा के पास शनिवार को अनियंत्रित होकर गिरकर दो युवक बुरी तरह घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार अली हुसैन के 18 वर्षीय पुत्र समीर शेख, और रेजाउल शेख के18 वर्षीय पुत्र साहिल शेख बाईक से अपने घर की तरफ जा रहा था। इसी दौरान काफी तेज रफ्तार में रहने के कारण अनियंत्रित होकर बीच सड़क पर बाइक लेकर गिर गया। जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन- फानन में परिजनों के द्वारा इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों के द्वारा प्राथमिक इलाज के बाद साहिल शेख को गंभीर स्थिति में रेफर कर दिया। घटना की सूचना संबंधित थाना पुलिस को दे दी गई थी।

## बेल्जियम के 25 विदेशी पर्यटकों के ऐतिहासिक धरोहर का किया दीदार ।



**बरहरवा ।** राजमहल प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मंगलहाट स्थित जामा मस्जिद तथा बाराद्वारी हमेशा से ही विदेशी पर्यटकों का पसंदीदा स्थान रहा है। जहां आए दिन विभिन्न देशों से विदेशी पर्यटक भ्रमण करने पहुंचते हैं। शनिवार को भी टूरिस्ट गाइड दीपक मिश्रा के नेतृत्व में बेल्जियम के 25 विदेशी पर्यटक भ्रमण करने पहुंचे। जहां विदेशी पर्यटकों ने ऐतिहासिक धरोहर के खूबसूरती की दृश्यों को अपने कमरे में कैद किया और ऐतिहासिक धरोहर की सराहना की। इसके बाद ऐतिहासिक धरोहर के पीछे मुगल कालीन मानसिंह शिव मंदिर दर्शन करने पहुंचे साथ ही जहां पर्यटकों ने पूजा अर्चना एवं मंदिर परिक्रमा किया इसके बाद उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय मंगलहाट जाकर बच्चों के बीच पढ़ाई से संबंधित जानकारी ली । और बच्चों को अच्छी शिक्षा की प्रेरणा दी । उसके उपरांत विदेशी पर्यटकों ने भारतीय रहन सहन को देखने के लिए धरोहर से सटे गांव गढ़तलाव का भी भ्रमण किया और कई ऐसी चीजों एवं लोगों के साथ जम कर सेल्फी खिंचवाई और बच्चों के बीच चॉकलेट व कुरकुरे भी बांटा।

## महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए वित्तीय साक्षरता जागरूकता अभियान चलाया



**सिल्ली:** -साख फाउंडेशन के द्वारा प्रखंड के बंता पंचायत में महिला समूह के सदस्यों के साथ बैठक की। बैठक में मुखिया गंगा नारायण सिंह मुंडा, ग्राम प्रधान, वार्ड सदस्य कमलेश पातर मुंडा,ओर महिला समुह के सदस्यों की उपस्थिति में सीएलएफ ट्रेनर वीरेंद्र बैठा ने बताया कि आरबीआई इस पहल के जरिए महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और भारत के आर्थिक विकास में उनके योगदान को बढ़ाने का प्रयास कर रहा है ।भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा वित्तीय साक्षरता सप्ताह एफ एल डब्ल्यू 2025 की शुरुआत की है । यह अभियान 28 फरवरी तक चला। इस अभियान का विषय है, वित्तीय साक्षरता महिलाओं की समृद्धि किसका उद्देश्य महिलाओं को वित्तीय प्रबंधन सुख-दुख से निर्णय लेने और आर्थिक विकास में योगदान देने के लिए जागरूक करना है। 2025 में इसका विशेष फोकस महिलाओं के समृद्धि पर है। आरबीआई के अनुसार महिलाओं में वित्तीय साक्षरता बढ़ाने से घरों की आर्थिक स्थिरता मजबूत होगी उद्यमिता के अवसर बढ़ेंगे और अर्थव्यवस्था अधिक समावेशी बनेगी। ट्रेनर के द्वारा बैंकिंग से जुड़े सभी विषयों को विस्तार पूर्वक बताया गया।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर,घाटशिला में रोबोटिक वार्षिक परीक्षा के सफल बच्चे हुए पुरस्कृत



**घाटशिला** शनिवार को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर,घाटशिला में रोबोटिक वार्षिक परीक्षा में सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु नवम कक्षा की बहन अयांशी पाण्डेय और बहन सुष्मिता मंडल को प्रमाण पत्र विद्यालय के प्रधानाचार्य लखनलाल करमाली एवं विद्यालय की प्रभारी आचार्या श्रीमती छंदा मुखर्जी द्वारा प्रदान किया गया। साथ ही विद्यालय के आचार्य विवेकानंद एवं पुरूषोतम पांडे के संरक्षण मे भोजन मंत्र का अभ्यास सत्र आयोजित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने मे विद्यालय के सभी आचार्य - दीदीज़ी एवं सेवक- सेविका का योगदान रहा।

## मृतक के परिवार से मिले झामुमो परिवार

**बरहरवा:** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत धनजोरी गांव के सक्रिय सदस्य सह फुटबॉल खिलाड़ी बबलू सोरेन का बिते रात मोटर साईकिल से अपने गांव धनजोरी आने के क्रम में दलदली पुल के समीप मोटरसाइकिल दुर्घटना होने से मृत्यु हो गई। वहीं उनके पीछे सवार उसके मित्र मुकेश टुडू की हालत नाजुक बनी हुई है ।पोस्टमार्टम कराने के बाद उनके पैतृक निवास में शोकाकुल परिवार से मिलने पहुंचे प्रमुख सह झामुमो प्रखंड अध्यक्ष बर्नार्ड मरांडी पूर्व प्रखंड अध्यक्ष राजाराम मरांडी मुखिया प्रतिनिधि समसुल अंसारी ने मृतक की पत्नी को हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। मौके पर युवा मोर्चा के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष समदा सोरेन,बाबुलाल सोरेन,शाम हेंब्रम,मरांग हेंब्रम,पालटन मरांडी,सुनील मरांडी, संजय सोरेन,सावना टुडू, लड्डू भगत,सुनील किस्कू, सहित अन्य मौजूद थे।

# जामताड़ा में नए साइबर थाना भवन का शिलान्यास, मंत्री इरफान अंसारी ने किया उद्घाटन

जामताड़ा।



**जामताड़ा।** जामताड़ाः जिले में साइबर अपराधों पर लगाम लगाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने शनिवार को नए साइबर थाना भवन का विधिवत शिलान्यास किया। इस अवसर पर जामताड़ा पुलिस अधीक्षक डॉ. एहतेशाम वकारीब, एसडीपीओ विकास आनंद लगोरी समेत पुलिस विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान मंत्री इरफान अंसारी ने नारियल फोड़कर एवं फीता काटकर भवन निर्माण की आधारशिला रखी। उन्होंने कहा कि जामताड़ा को बेवजह साइबर अपराधों के लिए बदनाम किया जाता है, जबकि 90% तक यह जिला साइबर अपराध मुक्त हो चुका है। इस दिशा में लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है और पुलिस प्रशासन भी सक्रियता से कार्रवाई कर रहा है।

- **नए साइबर थाना भवन से पुलिस को मिलेगी मजबूती**

मंत्री ने बताया कि पहले साइबर थाना सिर्फ दो कमरों में संचालित था, जिससे पुलिसकर्मियों को कार्य करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। अब नए साइबर थाना भवन के निर्माण की स्वीकृति मिलने से पुलिस को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी, जिससे वे और प्रभावी ढंग से काम कर सकेंगे। उन्होंने आश्वासन दिया कि जामताड़ा को पूरी तरह साइबर अपराध मुक्त करने की दिशा में लगातार कार्रवाई जारी रहेगी।

इस मौके पर पुलिस अधीक्षक डॉ. एहतेशाम वकारीब ने भी कहा कि मंत्री इरफान अंसारी की पहल से जामताड़ा साइबर पुलिस को एक नया थाना भवन मिलने जा रहा है, जो साइबर अपराधियों में डर पैदा करेगा और पुलिस को मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि लगातार छापेमारी की जा रही है और साइबर अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो रही है।

- **साइबर अपराध मुक्त जामताड़ा की ओर एक और कदम**

नए साइबर थाना भवन के निर्माण से जामताड़ा पुलिस को अत्याधुनिक संसाधन उपलब्ध होंगे, जिससे साइबर अपराधों पर और प्रभावी तरीके से लगाम लगाई जा सकेगी। मंत्री इरफान अंसारी ने स्पष्ट किया कि उनके विधानसभा क्षेत्र में साइबर अपराध के मामले न के बराबर हैं, फिर भी पूरे जामताड़ा जिले को बदनाम किया जाता है।

इस शिलान्यास कार्यक्रम के साथ जामताड़ा को साइबर अपराध मुक्त करने की दिशा में एक और मजबूत कदम उठाया गया है, जिससे आने वाले समय में अपराधों पर और प्रभावी नियंत्रण संभव होगा।

# रजरप्पा में प्रेस क्लब रामगढ़ का परिचय पत्र वितरण कार्यक्रम संपन्न

### 9 मार्च को होली मिलन समारोह का होगा भव्य आयोजन : वीरेंद्र कुमार

रामगढ़।



प्रेस क्लब रामगढ़ (पीसीआर) का परिचय पत्र वितरण कार्यक्रम शनिवार को सीसीएल रजरप्पा कोयलांचल स्थित ऑफिसर्स क्लब में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य रूप से प्रेस क्लब रामगढ़ के अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार बीरू एवं कोषाध्यक्ष दुर्वेज आलम उपस्थित थे। इस दौरान अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार बीरू ने रजरप्पा, चितरपुर एवं दुलमी क्षेत्र के पीसीआर सदस्यों के गले में परिचय पत्र डाला और कोषाध्यक्ष दुर्वेज आलम ने उन्हें सदस्यता शुल्क की रसीद दी। इस दौरान पत्रकारों की विभिन्न समस्याओं, पीसीआर की मजबूती, नए सदस्यों को जोड़ने सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा की गई। साथ ही होली मिलन समारोह आयोजित करने का भी निर्णय लिया गया। इसके लिए तिथि की घोषणा करते हुए अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार बीरू ने कहा कि आगामी 9 मार्च को होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 2 वर्षों के कार्यकाल में हमलोग नया कीर्तिमान हासिल करेंगे, जो आपसबों के सामने होगा। इस अवसर पर कार्यकारिणी सदस्य मनोहर लहेरी, प्रदीप बर्मन, सुरेंद्र कुमार, मोतिउल्लाह, निरंजन महतो, शिवशंकर तिवारी, श्रीकांत महतो, प्रिंस वर्मा, संजय नायक, शंकर पोद्दार, सत्यप्रकाश, सज्जाद आरिफ, इमरान अंसारी, बिनोद मुंडा, सौरभ वर्मा उपस्थित थे।

## जिला शिक्षा पदाअधिकारी विनय कुमार ने की सोनाहातु कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का किया निरीक्षण '



**सोनाहातु :-** जिला शिक्षा पदाधिकारी विनय कुमार ने पीएम श्री कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय सोनाहातु का औचक निरीक्षण किया । निरीक्षण के क्रम में डीईओ विद्यालय के वर्ग कक्ष में जाकर छात्राओं से बात की तथा उन्हें पढ़ाई के प्रति प्रेरित किया साथ ही आइसीटी रूम , लाइब्रेरी , शिक्षक रूम ,कंप्यूटर कक्ष ,विज्ञान कक्ष, साफ सफाई , बागवानी का भी निरीक्षण किया । विज्ञान कक्ष में उन्होंने छात्राओं से कई तरह के सवाल पूछे छात्राओं के जवाब से डीईओ संतुष्ट हुए साथ ही उन्होंने विद्यालय में बन रहे अतिरिक्त वर्ग कक्षों और छात्रावास के निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया । मौके पर हेल्थ केयर का प्रशिक्षण ले रही छात्राओं ने डीईओ के रक्तचाप लिया तथा सामान्य बतलाया । विद्यालय के दीवार में लिखे गए मैट्रिक और इण्टर के रिजल्ट से डीईओ बहुत प्रभावित हुए तथा उन्होंने वार्डेन और शिक्षिकाओं की क्रियाशीलता की प्रशंसा की । मौके पर डीईओ कार्यालय के अरुण कुमार, वार्डेन शशि बाड़ा, सरोजिनी टोप्पो,सौरभ कुमार आदि मौजूद थे ।

# हजारी मोड़ के समीप एक रेस्टोरेंट में धर्मांतरण कराने का आरोप, विहिप ने हंगामा किया

गोमिया,



गोमिया थाना क्षेत्र अंतर्गत हजारी मोड़ के समीप एक रेस्टोरेंट में शनिवार को एक धर्म विशेष के कुछ लोगों द्वारा धार्मिक सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों से आए कुछ लोग कार्यक्रम कर रहे थे। इसकी सूचना जब विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं को मिली तो वे अविलंब रेस्टोरेंट में पहुंचकर हंगामा किया और स्थानीय पुलिस को इसकी सूचना दी। गोमिया थाना के अवर निरीक्षक मनोज कुमार सदल बल रेस्टोरेंट में पहुंचकर मामले को शांत कराते हुए कार्यक्रम को रुकवाया। अवर निरीक्षक ने बताया कि यह एक जागरूकता कार्यक्रम था और इसके आयोजन के लिए प्रशासन से कोई अनुमति नहीं ली गई थी। वहीं आरएसएस के प्रांत सेवा सह प्रमुख टोली के पदाधिकारी विनय कुमार ने बताया कि एक धर्म विशेष के लोगों द्वारा गांव के भोले भाले लोगों को बहला फुसलाकर धर्मांतरण कराया जा रहा है और इस तरह के कार्य आरएसएस के लोग बर्दास्त नहीं करेंगे। कहा कि सूचना मिलते ही हमलोग रेस्टोरेंट में पहुंचकर स्थानीय पुलिस को सूचित किया और प्रशासन को बिना सूचित किए गए कार्यक्रम को रुकवाया। मौके पर विहिप के प्रखंड संयोजक सुमित कुमार,अमित कुमार, किशन कुमार,राजू कुमार, विक्की मिश्रा, विनय वर्मा आदि उपस्थित थे।

## भय के साए में जीने को मजबूर अनुसूचित जनजाति परिवार

- **घर खाली कराने को बिल्डर ने की पिटाई;गिराई निर्माण सामग्री,**
- **सोनारी पुलिस से लगाई गुहार**

**जमशेदपुर।** सोनारी नया लाइन निवासी अनुसूचित जनजाति की चंपा देवी का परिवार भय के साए में जीने को मजबूर है। इलाके के एक बड़े बिल्डर ने चंपा देवी और उसके पति धनेश्वर सिंह की पिटाई की है और घर खाली करने की धमकी दी है।

दबाव बनाने के लिए बिल्डर ने मकान निर्माण सामग्री गिराई है। भयभीत परिवार ने सोनारी पुलिस, उपायुक्त, वरीय पुलिस अधीक्षक, अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुसूचित जनजाति आयोग को लिखित आवेदन देकर न्याय एवं सुरक्षा की गुहार लगाई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सोनारी नया लाइन निवासी चंपा देवी का पुश्तैनी मकान है। जो टाटा स्टील से उसके दादा ससुर के नाम पर आवंटित है।

घटना के संबंध में बताया जाता है है कि 24 फरवरी से बिल्डर शैलेश जैन उर्फ शेरू, दर्शन जैन एवं बसंत अग्रवाल घर में आकर धमकी दे रहे हैं कि मकान उन्होंने खरीद लिया है और मकान जल्दी खाली करो। फिर 26 फरवरी को आरोपी उसके घर आए और जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए शैलेश जैन ने चंपा देवी का हाथ पकड़ कर खींचा, तो पति धनेश्वर सिंह बचाने आया तो उसकी पिटाई की और गला भी दबाया। कोर्ट के पेपर पर जबरन हस्ताक्षर करने का दबाव भी देने लगे। चंपा देवी के अनुसार आरोपियों ने फर्जी दस्तावेज एवं फर्जी बिक्रीनामा भी बनाया है और उन्हें घर से निकालने की साजिश की जा रही है। आज बिल्डर के द्वारा जबरन पीड़िता के मकान पर जाकर दीवाल वगैरह तोड़ दिया । चंपा देवी के अनुसार आरोपी दबंग प्रवृत्ति के हैं और घर के सामने मकान निर्माण सामग्री गिरा दिया है और आलम यह है कि नवीं कक्षा की परीक्षा दे रहा उनका पुत्र घटना के कारण काफी घबराया हुआ रहता है।

## विधायक ने किया पुल का शिलान्यास



**निरसा।** केलियासोल प्रखंड पतलाबाड़ी-बलियापुर रोड का दहीबाड़ी फुटबॉल ग्राउंड को जोड़ने वाली पथ पर जोड़िया में मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के तहत 1.56 लाख रुपए की लागत से 32.6 मीटर बनने वाली पुल का शिलान्यास शनिवार विधायक अरुप चटर्जी ने नारियल फोड़ कर किया। बताया कि तीन माह में पुल बनकर तैयार हो जाएगा। इससे आसपास के ग्रामीणों को लाभ होगा। चार पाया की मदद से जोड़िया पर पुल का निर्माण होगा। हालांकि इससे पहले भी तत्कालीन विधायक अपर्णा सेन गुप्ता ने भी इस पुल का शिलान्यास किया था। लेकिन निर्माण काम नहीं हो सका। मौके पर मुखिया शिला मुर्मू, राजकिशोर मुर्मू, दशरथ धीवर, गौर चंद्र धीवर, कलामुद्दीन, मिलन शर्मा, विश्वनाथ महतो आदि थे।

## घोरमारा के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौके पर मौत



**मोहनपुरः** थाना क्षेत्र अंतर्गत घोरमारा बाजार में शनिवार दोपहर में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक युवक की मौत घटनास्थल पर ही हो गये। मृतक की पहचान जयपुर बंधा का निवासी बबलू सोरेन के रूप में की है बताया जा रहा है कि मृतक युवक बाइक से से जा रहा था तभी अचानक एक अज्ञात वाहन के साथ जोरदार टक्कर मार दी।अज्ञात वाहन के धक्के के बाद मृतक घायल अवस्था में घोरमारा बाजार के पास अचेत अवस पर पहुंच कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया। जबकि बाइक को जप्त कर ली गयी है।

# भाकपा माले नगरनिगम लीडिंग टीम और ग्रामीण क्षेत्र के लीडिंग टीम का चुनाव

गिरीडीह।



**गिरीडीह।** भाकपा माले द्वारा गिरीडीह के शास्त्री नगर में कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

सभी नेताओं ने कहा घर - घर तक माले को पहुंचाएंगे - सभी नए पुराने लीडिंग टीम को माले नेता राजेश सिन्हा और जिला कमिटी सदस्य प्रीति भास्कर ने शपथ दिलाई।

सिन्हा ने कहा साइंस का नियम है हमें और हमारे लाल झंडा के समर्थकों को जितना दबाया जाएगा हम और मजबूत होकर गिरिडीह विधानसभा क्षेत्र और नगरनिगम निगम क्षेत्र में भी और लीड कर उभरेंगे।

नेताओं ने कहा कि भाकपा माले पूरे गिरिडीह विधानसभा में हजारों कैडर बनाएगा।इसकी शुरुआत बहुत पहले से हो गई थी। किंतु अब नगर निगम क्षेत्र के 36 वार्ड में चालीस चालीस केडर मेंबर बनाने का लक्षय रखा है।

ज्ञात हो जो पहले से समर्थक है या जो माले के फॉलोवर है और जिनकी राजनीतिक सोच है,वही माले के कैडर बन सकेंगे, माले में वैसे मुखर केडर होंगे जो फ्रंट लाईन में जनता के मुद्दे पर बात करेंगे,गठबंधन प्रतिनिधि और सत्ता को अवगत कराएंगे। वहीं हरेक गांव बस्ती और वार्ड में भी लाल झंडे के समर्थक को युवा,महिला,किसान,मोटर कामगार,फैक्ट्री मजदूर,निर्माण मजदूर,ठेला वाले, खोमचा वाले,टोटो चालक,ऑटो चालक,ड्राइवर,खलासी,ट्रैक ड्राइवर,राजमिस्त्री,मजदूर,छात्र, बुद्धिजीवी,सिविल सोसाइटी, झा,इंकलाबी नौजवान सभा, एप्वा,आईसा आदि -आदि का संगठन बनाकर काम तेजी से शुरू करेंगे। सभी संगठन के 7 अगुवा साथी होंगे जिनको जनता के काम आधार पर बैठक कर के चुन लिया जाएगा।

ज्ञात हो कि पीरटांड़ में असंगठित मजदूर मोर्चा के अजित राय और उनके अगुवा साथियों के बदौलत और मुफ्फसिल क्षेत्र में कन्हाई पांडेय और उनके अगुवा साथियों के बदौलत हजारों असंगठित मजदूर मोर्चा के साथियों ने जॉईन किया है,प्रखंड स्तर पर पर भी और मुफ्फसिल एरिया में संगठन तैयार हो रहा है जल्द घोषणा की जाएगी।

फिलहाल माले के शहरी और ग्रामीण संगठन के कुछ साथियों का लीडिंग टीम का नाम इस प्रकार है, राजेश सिन्हा,शंकर पांडेय, प्रीति भास्कर,कन्हाई पांडेय,अजीत राय, के अलावे कई सीनियर साथी जुड़ेंगे किन्तु अभी जो और लीडिंग टीम बनी है उसके लिए अगल से बैठक होगी।

माले के लीडिंग टीम में दूसरे दल से आए मेहमान साथी सरताज खान,आलम रजा,निशांत भास्कर,सनातन साहू,सोनू राम,इम्तियाज अहमद,मजहर अंसारी,मो तबारक,नौशाद आलम, एकराम,जितेन्द्र अग्रवाल, गुड़िया,मोहन दास, किशन सिन्हा,दीपक सिन्हा,इफ्तेखार अंसारी, छोटू यादव,मजबूल अंसारी,राजेश राम,राजू सिंह,ललन कुमार तांती,नौशाद अंसारी, रपन गुप्ता, भीम,फहीम, कैफ़ी आदि शामिल हुए। वही जल्द सभी वार्ड से एक एक केडर को आगे बढ़ाने का काम करेगा माले,जल्द सभी वार्ड में बीस बीस साथियों को ज्वाइन करवाया जाएगा।

पदभार मिलने के बाद सभी नए पुराने साथियों ने शपथ ली और माले को घर घर पहुंचाने का संकल्प लिया ।

न्यूज़ अपडेट

## साइबर पुलिस ने एक साईबर ठग टुंडी से किया गिरफ्तार



**श्रमबिंदु /धनबाद** । धनबाद एसएसपी एच पी जनार्दन के निर्देश पर प्रतिबिंब पोर्टल से प्राप्त संदिग्ध नंबरों के विरुद्ध धनबाद साईबर पुलिस ने मधुरसा नीम टांड़ जंगल से ठगी कर रहे एक साईबर अपराधी को गिरफ्तार किया है ।इस बात की जानकारी साईबर डीएसपी संजीव कुमार ने प्रेस वार्ता कर दी । उन्होंने बताया कि गत 28 फरवरी को गुप्त सूचना मिली कि साईबर ठग मधुरसा निमटांड जंगल से लोगों से ठगी करने का काम कर रहे है ।जिस पर साईबर थाना धनबाद और टुंडी के पदाधिकारियों को छापेमारी करने का आदेश दिया । इस पर जब साईबर पुलिस की टीम ने छापेमारी की तो पाया कि दो लड़के कुछ लोगों से ओटीपी और केडिट कार्ड के संबंध में बातचीत कर रहे थे। लेकिन जैसे ही पुलिस पहुंची तो एक लड़का भाग खड़ा हुआ ।एक लड़का पकड़ा गया ।पकड़े गए ठग के पास चार मोबाइल और पांच सिम कार्ड बरामद की है ।पकड़ा गया साईबर ठग आर बी एल बैंक के नाम से वॉट्सएप बनाया हुआ था । और उसी से ऐप डाउन लोड करवा कर मोबाइल का एक्सेस प्राप्त कर लोगो से ठगी कर पैसे की निकासी करता था ।गिरफ्तार साईबर ठग का नाम सतीश कुमार उर्फ सतीश कुमार मंडल बताया जाता है ।साईबर पुलिस की इस करवाई से साईबर ठगो की नींद उड़ गई है ।

## झरिया में विहिप बजरंग दल की बैठक



**धनबाद** । झरिया , 01 मार्च शनिवार को संध्या 6:00 बजे विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल कतरास मोड़ कार्यालय में बैठक रखा गया बैठक की अध्यक्षता झरिया नगर संयोजक रंजीत पासवान ने की बैठक में मुख्य रूप से धनबाद महानगर के धर्म प्रचार प्रसार धर्मेंद्र सरोज धनबाद महानगर के संपर्क प्रमुख कन्हैया उत्सव के नेतृत्व में बैठक किया गया। जिसमें नगर के सभी कार्यकर्ताओं ने निर्णय लिया कि झरिया नगर में होली मिलन समारोह मनाने का निर्णय लिया गया जिसमें धनबाद महानगर के धर्म प्रचार प्रसार प्रमुख धर्मेंद्र सरोज ने संगठन विस्तार पर चर्चा किया आगे आगामी कार्यक्रम की जानकारी दी।

बैठक में उपस्थित राजेंद्र हरि राजेश रावत दिनेश सिंह अभिषेक सिंह प्रेम कुमार सोहन पांडे टिंकू हरि शिव केसरी रविंद्र यादव उमेश सिंह आदि कार्यकर्ता थे।

## दीदार हुआ पाक रमजान का चाँद , तराबी शुरू ,



**श्रमबिंदु /धनबाद** । रमजान का पाक महीना चांद नजर आते ही शुरू हो गया है, भारत में आज से तराबी शुरू होगया अब कल से रोजा रखा जाएगा, मुस्लिम समुदाय के लोगों के लिए इसका बेहद आध्यात्मिक धार्मिक महत्व है, रमजान के पवित्र महीने के दौरान 29-30 दिनों तक रोजा रखा जाता है, रमजान के इस पाक महीने पर लोग रोजा रखने के साथ-साथ इबादत करते हैं, रमजान का पाक माह शुरू हो गया है कल से मुस्लिम समाज के लोग रोजाना 29-30 दिनों तक रोजा रख्खेन्गे । इस पाक मौके पर कहते है कि इसी दिन से इस्लाम धर्म मे रमजान का महीना बहुत ही पाक महीना माना जाता है, पूरे महीने रोजे रखे जाते हैं और खुदा की इबादत की जाती है, चांद दिखने के साथ ही रमजान का महीना शुरू हो जाता है, रमजान में हर दिन सहरी और इफ्तार का विशेष महत्व होता है । इस पूरा महीना में लोग दान पुण्य करते है।

## सीआईएसएफ जवान ने धनबाद में अपनी सर्विस रिवॉल्वर से खुद को गोली मार ली है ,



### ● गंभीर हालत में दुर्गापुर रेफर किया गया

**धनबाद** । धनसार थाना क्षेत्र के विश्वकर्मा प्रोजेक्ट के जे पैच में ड्यूटी के दौरान सीआईएसएफ के जवान केएस राव ने खुद को गोली मार ली. अपनी सर्विस रिवॉल्वर से जवान ने अपने सिर में गोली मार ली है. घटना के बाद इलाज के लिए जोड़ाफाटक रोड स्थित पाटलीपुत्र अस्पताल ले जाया गया, बाद में इलाज के लिए नवाडीह स्थित असर्फी अस्पताल ले जाया गया, जहां सीआईएसएफ जवान की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने दुर्गापुर रेफर कर दिया,

### ● तेलंगाना का रहनेवाला है सीआईएसएफ जवान

सीआईएसएफ जवान केएस राव तेलांगना का रहने वाला है. वह धनसार स्थित सीआईएसएफ कैंप में रहता है. शनिवार की रात आठ बजे विश्वकर्मा परियोजना स्थित जे पैच में उसकी ड्यूटी थी. सहकर्मियों के अनुसार ड्यूटी के दौरान परियोजना के पास एकांत में जाकर उसने खुद को गोली मार ली. इसके बाद आनन-फानन में उसे अस्पताल ले जाया गया, लेकिन हालत गंभीर देखते हुए दुर्गापुर रेफर किया गया है ।

# निरसा थाना प्रभारी सहित एक साथ 6 थाना प्रभारीयों को धनबाद एसएसपी ने हटाया

**श्रमबिंदु /धनबाद ।**




धनबाद के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) एच. पी. जनार्दनन ने जिले में कानून व्यवस्था को सख्त करने के लिए बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया है। उन्होंने लापरवाही बरतने के आरोप में एक इंस्पेक्टर सहित छह थाना प्रभारियों को लाइन क्लोज कर दिया है और उनकी जगह नए दारोगाओं को जिम्मेदारी सौंपी है।

» सबसे बड़ा बदलाव निरसा थाना में

निरसा थाना प्रभारी मनजीत कुमार सिंह, जो अपनी तेजतर्रार कार्यशैली के लिए जाने जाते थे, को हटाकर पुलिस लाइन भेज दिया गया है। उनकी जगह कतरास सर्किल इंस्पेक्टर अनिल शर्मा को निरसा थाना की कमान सौंपी गई है।

» लोयाबाद थाना को मिला नया प्रभारी

सरायढेला के सब-इंस्पेक्टर पीकू प्रसाद को लोयाबाद थाना प्रभारी नियुक्त किया गया है, जबकि अब तक लोयाबाद की जिम्मेदारी संभाल रहे सत्यजीत राय को लाइन क्लोज कर दिया गया है।

» बैंक मोड़ और जोगता थाना में बदलाव

बैंक मोड़ में पदस्थापित पवन कुमार को जोगता थाना प्रभारी बनाया गया है। वहीं, लोयाबाद के सब-इंस्पेक्टर राहुल कुमार सिंह को सुदामडीह थाना की कमान दी गई है।

अन्य थाना क्षेत्रों में भी फेरबदल

» पूर्वी टुंडी से राजेश लोहारा को कुमारडूबी थाना प्रभारी बनाया गया है।

गोविंदपुर में पदस्थ सब-इंस्पेक्टर मनिता कुमारी को मुनिडीह ओपी प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है।

पुलिस लाइन में तैनात मंगल प्रसाद कुजूर को खरखरी थाना का नया प्रभारी नियुक्त किया गया है।

खरखरी थाना पर विशेष नजर

जनवरी में खरखरी में हुई हिंसा के बाद यह इलाका सुर्खियों में रहा था। पुलिस ने यहां के कुख्यात अपराधी और ''डॉन'' कहे जाने वाले कारू यादव को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा था।

» लापरवाही पर होगी सख्त कार्रवाई

धनबाद एसएसपी एच. पी. जनार्दनन ने इस बड़े प्रशासनिक फेरबदल से स्पष्ट कर दिया है कि जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने में कोई कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यह कदम उन अधिकारियों के लिए चेतावनी है, जो अपने कर्तव्यों में लापरवाही बरत रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, कई अन्य पुलिस अधिकारियों पर भी गाज गिर सकती है, क्योंकि एसएसपी की निगाहें अभी और कई थाना प्रभारियों पर टिकी हुई हैं।

## भौंरा में बिजली घर के ट्रांसफार्मर में लगी भीषण आग : धू धू कर जला ट्रांसफार्मर, फायर ब्रिगेड की टीम ने बुझाई आग

**श्रमबिंदु /धनबाद ।**



धनबाद जिले के भौरा ओपी क्षेत्र अंतर्गत238खदान स्थित गांधी नगर के बिजली घर के ट्रांसफॉर्मर में भीषण आग लग गई, आग लगते ही पूरे गांधी नगर और भोरा में अफरा-तफरी मच गई, घटना के बाद सूचना मिलते ही अग्निशमन की 3 वाहनें मौके पहुंच कर आग पर काबू पाया गया,

बताया जा रहा है कि भौरा ओपी क्षेत्र के238खदान स्थित गांधी नगर के बिजली घर के ट्रांसफॉर्मर में अचानक आग लग गई. आग से उठती धुआँ ने पूरे भौंरा वासियों को भयभीत कर दिया, इसके बाद आग लगने की सूचना स्थानीय लोगों ने इउउछके अधिकारियों को दिया, इउउछअधिकारी ने तुरंत बिजली पावर हाउस से बिजली कटवाया, इसके बाद अधिकारियों और स्थानीय भोरा ओपी प्रभारी ने इसकी सूचना दमकल विभाग को दी, इधर आग अपना विकराल रूप ले रहा था, आग का विकराल रुप देखइउउछकी ओर से वाटर टैंकर मंगाया गया, उससे आग बुझाने का प्रयास किया गया. तब तक दमकल की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया गया, ट्रांसफ़ॉर्मर150केवीए का बताया जा रहा है, आग लगने का कारण ओवरलोडिंग,शॉर्ट सर्किट हो सकता है ,

वहीं स्थानीय वार्ड39पूर्व पार्षद शिव कुमार यादव ने कहा कि ट्रांसफार्मर में आग लग गई. बीसीसीएल दमकल को सूचना देने पर तुरंत पहुँच गए , आग पर काबू पा लिया गया है , ट्रांसफार्मर के जलने से गांधी नगर में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई है. यह प्रयास करेंगे कि जल्दी दूसरा ट्रांसफार्मर लग जाय ।

## दो दिवसीय अनुभूति एक एहसास ऑल इंडिया सांस्कृतिक कंपटीशन एंड फेस्टिवल का हुआ उद्घाटन




**श्रमबिंदु /धनबाद** । अनुभूति एक एहसास ऑल इंडिया सांस्कृतिक कंपटीशन एंड फेस्टिवल में डांस, सिंगिंग इंस्ट्रूमेंट्स एंड ड्राइंग कंपटीशन एंड फेस्टिवल में डांसिंग का दो दिवसीय आयोजन के प्रथम दिन शनिवार को बीसीसीएल सीएमडी की धर्मपत्नी मिली दत्ता, बीसीसीएल डायरेक्टर पर्सनल की धर्मपत्नी पूर्विता रमैया,कांग्रेस के वरिष्ठ नेता वैभव सिन्हा, काला हीरा के डॉयरेक्टर राजेंद्र प्रसाद, एआईटीसी उपाध्यक्ष वशिष्ठ सिन्हा, क्लब इंडिया के संस्थापक संतोष रजक, समाजसेवी सुमित सवारियां, अनुभूति एक एहसास की सेक्रेटरी सारसी चंद्रा एवं आकाश सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। मंच संचालन श्रुति चंद्रा और शिप्रा भट्ट ने किया। स्थानीय नन्हे कलाकारों ने एक से बढ़कर एक मनमोहक एवं शानदार प्रस्तुति दी ।निर्णायक में सिमरन छाबड़ा ने बारीकी से प्रतियोगिता के प्रतिभागियों के प्रतिभाओं का आकलन कर उन्हें अंक दिए ।उसी आधार पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय विजेता घोषित किया गया जिन्हें अतिथियों के द्वारा मंच पर मेडल एवं प्रशस्ति पत्र दिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संजय चंद्रा श्यामल राय चौधरी, सम्पा राय चौधरी की सक्रिय भूमिका थी। अनुभूति एक एहसास की सचिव सारसी चंद्रा ने बताया इस आयोजन से बच्चों को अपनी प्रतिभाओं को प्रदर्शित करने का एक महत्वपूर्ण मंच मिलता है पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र से उनका मनोबल बढ़ता है और वह बड़े मंच की और अग्रसर होते है। बच्चों के प्रतिभाओं को निखारने के लिए बीसीसीएल, 99 ग्रुप ऑफ कंपनीज क्लब इंडिया में अपना सहयोग एवं समर्थन दिया है।

## रोलेक्स सर्कस का जिप अध्यक्ष ने किया उद्घाटन

**श्रमबिंदु /धनबाद ।**



धनबाद के जिला परिषद मैदान में शनिवार को जिला परिषद की अध्यक्ष शारदा सिंह ने रोलेक्स सर्कस का शुभारंभ फीता काटकर और दीप जलाकर किया।मौ×के पर विशिष्ट अतिथि में डीश्री के ऑनर शांतनु चंद्रा, भाजपा नेता मुकेश पांडेय, पुरुषोत्तम रंजन विकास साव, जग्गू महतो उपस्थित रहे।

जिप अध्यक्ष शारदा सिंह ने इस अवसर पर कहा कि एक लम्बे अंतराल के बाद धनबाद जिले में सर्कस का आयोजन हुआ है। यह सर्कस बच्चों को का×फी ज्यादा आनंदित करता है।कई तरह के इवेंट्स इस सर्कस में दिखाए जाते हैं, जो लोगों को का×फी मनोरंजन करता है। इसलिए तमाम धनबाद वासियों से यही अपील है कि अपने बच्चों के साथ परिवार के लोगों के साथ सर्कस का आनंद लेने जरूर आएं।आयोजकों ने बताया कि एक माह तक यह सर्कस चलेगा, इसमें टिकट की दरें 300 रु, 200 रु और 100 रु निर्धारित है. तीन शो 1 से 3 ,4 से 6 और रात्रि के 7 से 9 बजे तक चलेगा. प्रत्येक शो में एक साथ दो हजार दर्शकों के बैठने की व्यवस्था है। टिकट लेकर पहले आओ पहले पाओ के तर्ज पर दर्शक बैठकर सर्कस का आनंद ले सकेंगे।रोमांच से भरपूर इस सर्कस में देश भर के कई बेहतरीन कलाकार अपनी कला का जादू दिखाने पहुंचे हैं। मणिपुर के कई कलाकार भी हैं जोकि अद्भुत कला प्रदर्शित कर रहे हैं। कुल मिलाकर यह सर्कस अगले एक माह लोगों को खूब रोमांचित करनेवाला है। सर्कस प्रबंधक रूपेश कुमार सिंह ने बताया की धनबाद में काफी समय से इसकी मांग की जा रही थी। कोयलांचलवासियो के मनोरंजन को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रमों को तय किया गया है। पहले दिन दर्शकों की भारी तादाद में पहुंचने से सर्कस प्रबंधन सहित सभी कलाकार काफी उत्साहित दिखे ।

## महाकुम्भ के मृतकों को संयुक्त रूप से श्रध्दांजलि दी

श्रमबिंदु /धनबाद । 1 मार्च को धनबाद रणधीर वर्मा चौक पर आम आदमी पार्टी तथा अन्य सामाजिक संगठनों के साथ मिलकर कुंभ में गए वैसे श्रद्धालु जिनकी आकस्मिक मृत्यु हो गई है उन श्रद्धालुओं के आत्मा की शांति के लिए एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया कार्यक्रम में वक्ताओं ने अपनी बात रखते हुए कहा कि कुंभ में मारे गए सभी पुण्य आत्माओं को शहीद का दर्जा दिया जाए तथा आयोजन में हुई चूक के कारण दुर्घटना घटने के वजह से आयोजन कर्ताओं पर कानूनी कार्रवाई हो कार्यक्रम में उन आत्माओं के शांति के लिए पुष्प अर्पित किया गया तथा दीप जलाया गया 1 मिनट का मौन रखा गया एवं दुख प्रकट किया । कार्यक्रम में मुख्य रूप से महेंद्र सिंह राजेश कुमार मदन राम समरेंद्र पासवान भास्कर सुमन संजय सिंनहा नीतीश कुमार गुप्ता रॉकी मंडल नंदलाल ताती जावेद खान डब्लू अंसारी मोहम्मद इमरान बबलू अंसारी आदि मौजूद थे।

# अधेड़ महिला से चिरकुंडा थाना क्षेत्र में दुष्कर्म , थाना में मामला दज

**श्रमबिंदु /धनबाद ।**




चिरकुंडा, धनबाद जिले के चिरकुंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत रहने वाली एक अधेड़ महिला के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है, घटना को अंजाम देने वाला पीड़ित महिला का पड़ोसी शेरू खान के ऊपर लगा है, जो घटना को अंजाम देकर फरार हो चूका है.

वहीं पीड़ित के लिखित शिकायत पर चिरकुंडा थाना पुलिस मामले की जाँच सुरू की है

पीड़ित महिला ने बताया की बीता दिन कल, महिला घर में अकेली थी। घर के सभी सदस्य अपने-अपने काम से बाहर गए हुए थे। उसी दरमियान लगभग 2:00 2:30 के बीच, शेरू खान मेरे घर में घुसकर सामने का दरवाजा बंद कर दिया। और मेरा मुंह दबाकर मेरे साथ दुष्कर्म किया। और मेरा गला दबाने लगा कहने लगा की अगर किसी को कहोगी तो जान से मार देंगे।

शाम को पीड़िता महिला के साथ उसके घर वाले, चिरकुंडा थाना, लगभग शाम 6:00 बजे , आये चिरकुंडा थाना के थाना प्रभारी ने उन्हें दूसरा दिन 10:00 बजे आने के लिए कहा। यह कहकर की थाना में महिला सिपाही नहीं है।

दूसरा दिन पीड़ित महिला के साथ उसके परिवार के लोग साथ ही कुछ शुभचिंतक लोग चिरकुंडा थाना पहुंचे और दुष्कर्म का मामला दर्ज लगभग 11:00 बजे हुआ। इसके बाद पुलिस प्रशासन हरकत में आई है इससे पहले भी क्षेत्र की एक महिला के साथ छेड़खानी की घटना को अंजाम दे चूका है, जिसकी लिखित शिकायत भी थाने मे की गई थी। पर समय पर शेरू खान के खिलाफ कार्रवाई नही होने के कारण उसका मनोबल बढ़ गया और उसने क्षेत्र मे दोबारा घटना को अंजाम दे दिया।

क्षेत्र के लोगों की अगर माने तो आरोपी शेरू खान इलाके की महिलाओं व युवतियों के ऊपर गंदी निगाहें रखता था, कभी -कभी तो ऐसा भी होता था की महिलाओं को अकेला देखकर इन डायरेक्ट गंदी -गंदी कॉमेंट भी पास कर देता था, महिलाएं भी यह सोंचकर चुप रह जाती थी की उसने उनपर डायरेक्ट कॉमेंट नही किया इसी का फायदा वह अक्सर उठाता रहता था, उसका वही फायदा आज कुछ इस कदर सामने आया है की पूरा क्षेत्र में आज उसके गंदे करूत से उसका दुश्मन बन चूका है और पुलिस को उसके सही ठिकाने पर पहुँचाने के लिये खोज शुरू की है।

## पीसीसी पथ का विधायक रागिनी ने किया शिलान्यास



**श्रमबिंदु /धनबाद।** झरिया , शनिवार को धनबाद जिला अंतर्गत झरिया प्रखंड के भाल गढ़ा स्थित तारा बागान, धोबी कुलहि ,ऊपर कुल्ही हामिद नगर, पोद्दार पाड़ा, सिंह नगर में पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास झरिया विधायक श्रीमती रागिनी सिंह के कर कमलों द्वारा हुआ जहा सड़क बनने से स्थानीय लोगों ने खुशी जाहिर करते हुए विधायक श्रीमती सिंह का अभिवादन किया वही इस दौरान विधायक श्रीमती सिंह ने स्थानीय लोगों में मिठाई बांटी। मौके पर कुंदन सिंह , आशीष सिंह , राहुल सिंह , मन्ना सिंह , हामिद अंसारी , स्वरूप भट्टाचार्य , रघु , शिवांश कुमार आदि थे ।




स्वामी, शिव श्रीवास्तव के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक संतोष पाठक द्वारा फ्लैट नं. 4 ई नलिनी पैलेस, एलबर्ट कम्पाउंड पुरुलिया रोड, रांची 8340 01 से प्रकाशित तथा फारूकी तंजीम प्रेस चटर्जी कम्पाउन्ड बहुबाजार से मुद्रित।
संपादक संतोष पाठक *पीआरबी एक्ट के अनुसार समाचार चयन हेतु जिम्मेदार मो. 7979985594 ईमेल - shrambindujharkhand@gmail.com